श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 171, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 17 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सौगात



बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का जुड़ाव यमुना एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी होगा।



बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर 250 छोटे पुल हैं। 15 से ज्यादा फ्लाइओवर हैं। 13 टोल प्लाजा हैं। 12 से ज्यादा बड़े पुल हैं। 4 रेल पुल बनाए गए हैं।

## पीएम मोदी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का किया उद्घाटन, वोट के लिए देश में मुफ्त रेवड़ी बांटने का कल्चर घातक, इनसे सावधान रहें

**जालौन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसके बाद जनसभा में कह कि देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये देश के विकास के लिए बहुत घातक है। इससे बहुत सावधान रहना है। पीएम मोदी ने भाषण बुंदेली भाषा में शुरू करते हुए कहा- वेदव्यास की जन्मस्थली बुंदेलखंड, हमारी बाईसा लक्ष्मीबाई की धरती पे बेर-बेर आबे को अवसर मिलो, हमें बहुतइ प्रसन्नता भई। बुंदेलखंड की एक और चुनौती को कम करने के लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाने के लिए हम जल जीवन मिशन पर काम कर रहे हैं।







**योगीजी से कहूंगा यहां यूरोप जैसा टूरिज्म सर्किट बनाएं:** पीएम ने यहां उड़ीसा के कलाकारों की बनाई झांकी भी देखी। पीएम ने कहा, 'यूरोप के कई देश ऐसे हैं, जहां पर पुराने किले देखने का पैटर्न है। यह बहुत बड़ा टूरिज्म सेक्टर बनता है। आज मैं योगी जी से कहूंगा यहां टूरिज्म सर्किट बनाएं। इससे दुनिया भर के लोग यहां आएं और किले देखें।' मोदी ने योगी की तारीफ करते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश के लोगों ने मिलकर सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी की तस्वीर बदल दी है। यहां कानून व्यवस्था सुधरी है। कनेक्टिविटी भी बढ़ रही है।

**'रेवड़ी कल्चर वाले कभी आपके लिए नए एक्सप्रेस-वे नहीं बनाएंगे': पीएम ने कहा कि** रेवड़ी कल्चर वाले कभी आपके लिए नए एक्सप्रेस-वे नहीं बनाएंगे, नए एयरपोर्ट या डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनाएंगे। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर, उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर उनकी इस सोच को हराना है, रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। हम कोई भी फैसला लें, निर्णय लें, नीति बनाएं, इसके पीछे सबसे बड़ी सोच यही होनी चाहिए कि इससे देश का विकास और तेज होगा। हर वो बात, जिससे देश को नुकसान होता है, देश का विकास प्रभावित होता है, उसे हमें दूर रखना है। जिस यूपी में सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लगे, जिस वढ में गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट 30 साल से बंद पड़ा था, जिस वढ में अर्जुन डैम परियोजना को पूरा होने में 12 साल लगे, जिस यूपी में अमेठी रायफल कारखाना सिर्फ एक बोर्ड लगाकर पड़ा हुआ था, उस यूपी में अब इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इतनी गंभीरता से काम हो रहा है कि उसने अच्छे-अच्छे राज्यों को भी पछाड़ दिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तो 3-4 घंटे कम हुई ही है, लेकिन इसका लाभ इससे भी कहीं ज्यादा है। ये एक्सप्रेस-वे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा, बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा। हम देश के लिए सिर्फ सुविधा नहीं गढ़ रहे हैं, बल्कि हम गति भी गढ़ रहे हैं। आज यूपी में एक लाख तीस हजार से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर काम कर रहे हैं। एक समय में यूपी में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे। आज यूपी में 35 मेडिकल कॉलेज हैं और 14 पर काम चल रहा है। आज देश में जो काम चल रहा है उसके दो पहलू हैं। एक इरादा और दूसरा मयार्दा है। हम देश के वर्तमान के लिए नई सुविधाएं ही नहीं गढ़ रहे हैं।

### अब दबंगों से डरने की जरूरत नहीं: योगी

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा- बुंदेलखंड में दबंगों की वजह से लोग अपनी पुश्तैनी जमीन पर घर नहीं बना सकते थे। घरौनी योजना की वजह से अब संभव हो पाया है कि जिनके कागज नहीं हैं, अब वे अपना घर बना सकते हैं। आजादी के बाद से बुंदेलखंड की प्रतीक्षा आज खत्म हुई। प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड को एक्सप्रेस-वे दिया। आपने 2019 में अर्जुन सहायक परियोजना दी। बुंदेलखंड 'हर घर नल का जल' की ओर बढ़ रहा है। जब आप इस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने जा रहे हैं तो बताना चाहता हूं कि दिल्ली से बुंदेलखंड की दूरी 6 घंटे की हो जाएगी।

**एक्सप्रेस-वे के किनारे 7 लाख पेड़ लगाए जाएंगे**
यह एक्सप्रेस-वे चित्रकूट जिले के भरतकूट क्षेत्र के पास गोंडा गांव में खत्म होगा। एक्सप्रेस-वे पर 3.75 मीटर चौड़ी सर्विस लेन है।

### पीएम मोदी ने फिर चला बुंदेलखंड में भाषाई अस्त्र

**झांसी: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को यूं ही विश्व के श्रेष्ठतम नेताओं में शुमार नहीं किया जाता है। वह किसी भी क्षेत्र में जाकर वहां की जनता की नब्ज टटोलना जानते हैं। आज बुंदेलखंड के जालौन स्थित कैथरी गांव में समय से पहले तैयार हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में बुंदेलखंड के लोगों का दिल जीत लिया। स्थानीय भाषा का अस्त्र चलाकर उन्होंने न केवल उपस्थित लाखों लोगों को सम्मोहित कर लिया बल्कि लोगों को मोदी-मोदी के नारे लगाने पर मजबूर कर दिया। उनको देखकर उनके विपक्षी भी उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन को शुरू करते हुए सबसे पहले बुंदेली भाषा को अपना हथियार बनाया। एक बुंदेलखंडी के अंदाज में उन्होंने कहा- बुंदेलखंड की जा वेद व्यास की जन्मस्थली और हमाई बाईसा महारानी लक्ष्मी बाई की जा धरती पें हम बेर बेर आबे कौ अवसर मिलो। हमें भौतई खुशी है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपरा को समर्पित है। और इसके साथ ही पूरा पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा।

## तीस्ता ने रची थी गुजरात सरकार गिराने की साजिश

### एसआईटी का दावा- 20 साल पहले सोनिया के सचिव अहमद पटेल से लिए थे 30 लाख

**अहमदाबाद:** 2002 के गुजरात दंगों के बाद एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की साजिश रची थी। तीस्ता ने इसके लिए सोनिया गांधी के सचिव रहे अहमद पटेल से 30 लाख रुपए लिए थे। गुजरात दंगों में तीस्ता के रोल की जांच कर रही रक्ळ ने अहमदाबाद सेशन कोर्ट में दाखिल हलफनामे में यह दावा किया है। एसआईटी ने एफिडेविट में कहा- तीस्ता के साथ इस साजिश में उस वक्त गुजरात के आईपीएस रहे आरबी श्रीकुमार और पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट भी शामिल थे। इन लोगों ने गुजरात दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश रची थी।



**तीस्ता और साथियों को दो बार मिला फंड:** एसआईटी ने कहा कि तीस्ता को अहमद पटेल से एक बार 5 लाख रुपए और दूसरी बार 25 लाख रुपए मिले थे। एसआईटी ने जेल में बंद तीस्ता की जमानत याचिका का विरोध भी किया। गुजरात रक्ळ ने तीस्ता को 25 जून को मुंबई में उनके घर से गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी गुजरात दंगों में साजिश रचने के आरोप में हुई।

**कांग्रेस की साजिश सामने आई: भाजपा**
एसआईटी के खुलासे के बाद बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गुजरात दंगे में जिस तरह कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी को बदनाम करने की साजिश रची परत दर परत उसकी सच्चाई सामने आ रही है। एसआईटी का एफिडेविट कहता है कि तीस्ता सीतलवाड़ और उनके साथी मानवता के तहत काम नहीं कर रहे थे। ये राजनीतिक मंसूबे के साथ काम कर रहे थे। पात्रा ने आगे कहा कि इनके 2 मकसद थे। पहला- गुजरात की तब की सरकार को अस्थिर किया जाए और दूसरा- बेगुनाह लोगों को इसमें शामिल किया जाए।

## लखनऊ में लुलु मॉल के बाहर हंगामा

**लखनऊ:** लखनऊ के लुलु मॉल में शनिवार को हनुमान चालीसा पढ़ने पहुंचे हिंदू संगठनों के सदस्यों को पुलिस ने खदेड़ दिया। यहां नमाज पढ़े जाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद करणी सेना और राष्ट्रीय हिंदू संरक्षक दल के सदस्य चालीसा पढ़ने पहुंचे थे। इनके हाथ में भगवा झंडे थे और जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे लगा रहे थे। पुलिस ने इन्हें मॉल में जाने से रोका तो वे बाहर ही बैठकर चालीसा पाठ करने लगे। उन्हें हल्का बल प्रयोग करके हटाने की कोशिश की तो झड़प हो गई। पुलिस ने मॉल के बाहर प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा। 20 कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया है। मॉल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है।



**मॉल के बाहर रोकने पर भड़के नेता:** राष्ट्रीय हिंदू संरक्षक दल के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा शनिवार दोपहर 1 बजे 12 से ज्यादा कार्यकताओं के साथ लुलु मॉल पहुंचे। उनका कहना था कि जब मॉल के अंदर नमाज हो रही है, तो हमें हनुमान चालीसा पढ़ने से क्यों रोका जा रहा है?

## देश के 2 राज्यों में पॉजिटिविटी रेट 19% के पार

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते दिन कोरोना के 16,281 नए मरीज सामने आए और 28 मरीजों की मौत हो गई। राहत की खबर यह है कि रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या 13,991 रही। देश में अभी कोरोना के एक्टिव केस 1 लाख 39 हजार से ज्यादा हैं। इससे एक दिन पहले कोरोना के 20038 नए केस मिले, जबकि 47 मरीजों की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 19% के पार पॉजिटिविटी रेट दर्ज किया गया और सबसे ज्यादा मौतें महाराष्ट्र में हुईं। 15 जुलाई को फ्री होते ही पहले दिन13 लाख लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई है। 52 करोड़ से ज्यादा लोगों के बूस्टर डोज लगवाने की तारीख भी आ गई है।

**बूस्टर डोज लेने वालों की संख्या 15 गुना बढ़ी:** देश में 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को कोरोना का बूस्टर डोज मुफ्त मिलने लगा है। पहले ही दिन बूस्टर डोज लेने वालों की संख्या 15 गुना से ज्यादा बढ़ गई। शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे तक 12.99 लाख लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई।

## बारिश से महाराष्ट्र में 102 की मौत

**मुंबई:** महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, केरल और असम के कई इलाकों में भारी बारिश के बाद बाढ़ से हालात गंभीर हो गए हैं। महाराष्ट्र में मानसून आने के बाद से अब तक 102 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर, गुजरात के 9 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में भारी बारिश के बाद राहत और बचाव कार्य के लिए सेना को बुलाया गया है। असम में 2.10 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। देश में मानसून को आए 46 दिन हो चुके हैं। 16 जुलाई तक सामान्य रूप से 294.2 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन यह आंकड़ा 335.2 मिमी पहुंच चुका है। इस लिहाज से सामान्य से 14% ज्यादा बारिश हो चुकी है। हालांकि वढ, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड जैसे चार राज्यों में सूखे जैसे हालात हैं। देश की कुल आबादी का करीब 38% हिस्सा इन्हीं चार राज्यों में रहता है।




**गुजरात: अब तक 106 लोगों की मौत:** अहमदाबाद, सूरत, नवसारी, डांग और गिर-सोमनाथ में शुक्रवार को जोरदार बारिश हुई। वहीं, गिर-सोमनाथ जिले में देर रात तक बारिश का दौर जारी रहने से करीब 10 घंटों में वेरावल में 5 और सूत्रापाड़ा में 4 इंच बारिश हुई। मूसलाधार बारिश के चलते देवका, सरस्वती और हिरन नदियां उफान पर हैं। उधर, नवसारी इलाके में अंबिका नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते नदी के किनारे बसे सोनवाडी की स्थिति बेहद खराब है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली: संसद** का मानसून सत्र सोमवार यानी 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की अहम बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने सभी नेताओं को संसद सत्र की तैयारियों के बारे में बताया। बैठक में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, डीएमके सांसद टीआर बालू, केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता समेत प्रहलाद जोशी, भाजपा सांसद अर्जुन राम मेघवाल, वाईएसआरसीपी सांसद पीवी मिथुनरेड्डी, आरएलजपी सांसद पशुपति कुमार पारस और अन्य पार्टियों के सांसद शामिल हुए। बैठक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र 18 जुलाई से प्रारंभ होकर 12 अगस्त तक चलेगा। सत्र के संबंध में आज सभी दल के नेताओं से विचार विमर्श हुआ। मैंने सभी दलों के नेताओं से आग्रह किया है कि देश के हित में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करें। सदन बिना हस्तक्षेप के मयार्दा के साथ चले। सभी दलों के नेताओं ने आश्वस्त किया है कि हम सदन कि कार्यवाही में सहयोग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने महंगाई, अग्निपथ योजना और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट पर चर्चा की मांग उठाई।

### 2016 से चल रही थी 2023 जिहाद की तैयारी; खुफिया एजेंसियों को नहीं लगी भनक

## पटना का दानिश पाकिस्तानी गजवा-ए-हिन्द मॉडल का ऑपरेटर

**पटना:** भारत में दहशतगर्दी के लिए गजवा-ए-हिन्द का मॉडल तैयार किया गया था। इसकी कमांड पाकिस्तान के हाथ में थी। यह खुलासा फुलवारी शरीफ से मरगूब अहमद दानिश नामक एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद हुआ। पुलिस ने पीएम नरेंद्र मोदी के पटना आगमन से एक दिन पहले 11 जुलाई को इस आतंकी नेटवर्क का खुलासा किया था। पीएम भी इनके निशाने पर थे। अब तक गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस और गिरफ्तारियां कर रही है। इसी सिलसिले में कल दानिश को पकड़ा गया था। पटना पुलिस को दानिश के स्मार्टफोन से कई बेहद संवेदनशील जानकारियां मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, दानिश ही गजवा-ए-हिन्द मॉडल को ऑपरेट कर रहा था। हैरानी की बात तो यह है कि यह मॉडल बिहार में 2016 से काम कर रहा था, लेकिन भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस के मुताबिक इस काम को अंजाम देने के लिए एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया था। ग्रुप के दो एडमिन थे। इनमें से एक पाकिस्तान का फैजान और दूसरा पटना का दानिश था।




**खुफिया तंत्र पर भारी पड़ा दहशतगर्दों का कनेक्शन:**
पटना पुलिस ने फुलवारी शरीफ से मरगूव अहमद दानिश को गिरफ्तार किया था। उसके स्मार्ट फोन से पाकिस्तानी कनेक्शन खुलासा हुआ है। पुलिस ने 2016 से लेकर अब तक के वॉट्सऐप चैट के बारे में जानकारी दी है जिसमें पाकिस्तान से भारत की तबाही का मैसेज दिया जा रहा था। इसके लिए पाकिस्तान से बड़ी फंडिंग भी हो रही थी। इन चैट्स से साफ हो रहा है कि पाकिस्तान के फैजान और बिहार के दानिश मिलकर भारत के खिलाफ बड़ी साजिश पर काम कर रहे थे।

## टीकाकरण में तीस साल की सबसे बड़ी कमी

### ढाई करोड़ बच्चों को नहीं लगे जरूरी टीके

**जेनेवा:** कोरोना महामारी न सिर्फ दुनिया भर के लिए जानलेवा ंकट का दंश लेकर आई, बल्कि बच्चों के लिए दोहरी मुसीबत का सबब बन कर आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनीसेफ के मुताबिक बीते वर्ष टीकाकरण में तीस साल की सबसे बड़ी गिरावट सामने आई है और दुनिया के ढाई करोड़ बच्चों को मूलभूत रूप से जरूरी टीके नहीं लग सके हैं। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के अनुसार पिछले करीब 30 सालों में नवजातों के टीकाकरण में सबसे बड़ी गिरावट 2021 में आई।




डिप्थीरिया, टेटनस और काली खांसी (डीटीपी) से बचाव की तीन खुराक लेने वाले बच्चों की संख्या में 2019 में पांच फीसदी गिरावट आई थी जो 2021 में 81 फीसदी हो गई। नतीजतन 2021 में ही 2.5 करोड़ बच्चों का डीटीपी वैक्सीन का एक या उससे ज्यादा डोज छूट गया। यह गिरावट 1991 के बाद की सर्वाधिक गिरावट है।

## खबर संक्षेप

### तीन अलग अलग गांवों में मार पीट नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के तीन अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को लेकर मार पीट नौ के खिलाफ नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बलकरनपुर निवासी सशान शेखर द्विवेदी पुत्र ओमप्रकाश का आरोप है कि वह मऊआइमा के कल्याणपुर में जमीन खरीद कर बाउंड्री कराए था। वह जब कल्याणपुर गया तो उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी बाउंड्री गिरा दी गई दी। सशान शेखर ने मऊआइमा थाना में आयूष पुत्र राकेश चन्द्र श्रीवास्तव तथा पूर्व ग्राम प्रधान प्यारे लाल तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम सिंसईसिपाह निवासी कलीम पुत्र नईम उद्दीन का आरोप है कि उसके खेत में उसके विपक्षी धान लगा रहे थे मना करने पर सभी एक राय होकर उसे और परिजनों को मारे पीटे ।जान से मारने की धमकी दी गई । कलीम ने मऊआइमा थाना में गुफरान अली ,इरफान अली ,रिजवान अली ,कुर्बान अली ,अब्बास अली ,अजहर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर ग्राम घीनपुर निवासी धीरज कुमार सरोज पुत्र धर्मेन्द्र कुमार सरोज का आरोप है कि वह घर जा रहा था तभी उसे रोक कर मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई। धीरज कुमार सरोज ने मऊआइमा थाने में रुपेश यादव पुत्र अशोक कुमार यादव तथा दो अज्ञातों के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# अटाला बवाल के मास्टर माइंड जावेद पंप पर लगा रासुका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अटाला में बीते 10 जून को हुए बवाल के मास्टर माइंड जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप पर एक और बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया है। इस संबंध में जिला पुलिस की रिपोर्ट का संज्ञान लेकर डीएम की ओर से कार्रवाई की गई, जिसके संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। जावेद पिछले 36 दिनों से जेल में है। वारदात के बाद उसे पहले नैनी जेल भेजा गया और दो दिन बाद ही स्थानांतरण करते हुए उसे देवरिया जेल भेज दिया गया था।

जेके आशियाना निवासी जावेद मोहम्मद को पुलिस ने अटाला बवाल के कुछ घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। बाद में खुलासा किया था कि वह इस पूरे मामले का मास्टर माइंड है और उसने ही हिंसा भड़काने के लिए साजिश रची। गिरफ्तार करने के दो दिन बाद ही उसे नैनी से देवरिया जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद पुलिस की ओर से उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की संस्तुति करते हुए उच्चाधिकारियों के माध्यम से रिपोर्ट डीएम को भेजी गई थी।पुलिस की ओर से भेजी गई रिपोर्ट के विस्तृत अध्ययन के बाद डीएम की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। डीएम संजय कुमार खत्री ने बताया कि जिला पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जावेद पर रासुका लगाया गया है।



जावेद अहमद की फाइल फोटो



उपद्रव के दौरान गश्त करती पुलिस

### देविरया जेल में भेजा गया आदेश

जावेद पंप पर रासुका लगाने का आदेश जारी होने क साथ ही इसका तामीला देवरिया जेल में भी करा दिया गया है। जिला पुलिस की एक टीम ने शनिवार को देवरिया जेल पहुंचकर जेल प्रशासन को आदेश तामील करा दिया है।

### खुल्दाबाद व करेली में दर्ज हैं तीन मुकदमे

जावेद पंप अटाला बवाल मामले में खुल्दाबाद व करेली थाने में दर्ज तीन मुकदमों में जेल में निरुद्ध है। खुल्दाबाद मामले में वह नामजद आरोपी था जबकि करेली के दो मामलों में विवेचना के दौरान उसका नाम प्रकाश में आया। इसके बाद इन दोनों मामलो में भी पुलिस ने उसका रिमांड बनवाया और वारंट जेल में तामीला कराया। 12 जून को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने जेके आशियाना कॉलोनी स्थित उसका घर बुलडोजर चलवाकर जमींदोज करा दिया था।



## कल्चर आर्ट फाउण्डेशन द्वारा राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन

**प्रयागराज।** महात्मा गाँधी कला विथिका में सम्मान कल्चर आर्ट फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रथम राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मौर्य ने बच्चों के द्वारा बनाई गई कला कृतियों को देखा और उनका उत्साहित वर्धन किया।इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव, प्रबंधक नीरज कुमार कुशवाहा हिंदुस्तानी ने बताया कि यह प्रदर्शनी तीन दिन तक चलेगी। प्रदर्शनी में चित्रकारों ने विभिन्न कला विधाओं के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भानू प्रसाद तिवारी पूर्व प्रधानाचार्य सर्वाय इंटर कॉलेज प्रयागराज व आशुतोष त्रिपाठी सदस्य राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री चंदन मौर्य ने चीफ गेस्ट को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी और बच्चों के मनोबल को बढ़ाया।कार्यक्रम में मुख्य रुप से रविंद्र कुमार कुशवाहा, नीरज कुमार कुशवाहा, आशुतोष त्रिपाठी, भानु प्रसाद तिवारी, चन्दन मौर्या, तरुण, उत्कर्ष, हिमांशु तिवरी, राजेंद्र कुशवाहा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज जिले में टोल टैक्स के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** प्रयागराज जिले के गन्ने टोल प्लाजा में आए दिन अवैध वसूली का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है यहां के टेंडर धारक अपने आप को पूर्वांचल के माफिया बताते हैं लोगों का कहना है कि अगर इनसे शिकायत करने जाओ वे जान से मारने की धमकी देते हैं आज की घटना एक मोटर मालिक गाड़ी का फास्ट्रेक से पैसा करने के बावजूद भी जबरदस्ती बिना कोई नियम कानून के नगद पैसे का टोल भी वसूला गया जिस पर साफ साफ शब्दों में अंकित है ओवरलोड टिकट जिसका मूल्य 3185 रुपए हैं यह टोल प्लाजा ओवरलोड को बढ़ावा दे रहे हैं जबकि ओवरलोड पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जब कि सरकार की गाइडलाइन है कि फास्ट ट्रैक से ही सही पैसा लिया जाए लेकिन ऐसा यहां नहीं होता है इनके मैनेजर दीपक सिंह का कहना है कि मैं पूर्वांचल का बाहुबली मेरा कोई कुछ भी नहीं कर सकता मैं इसी प्रकार से मनमानी पैसा लूंगा जिसको जो भी करना हो वह कर ले मेरी शिकायत चाहे जहां भी कर ले मेरे को कोई दिक्कत नहीं है यह बीजेपी सरकार को व एन एच आई को ऐसे टेंडर धारकों को टेंडर दे कर के जनता के साथ सरासर अन्याय हो रहा है। जनता व ट्रक ऑपरेटर व छोटे मोटर मालिक को का जीना हराम हो गया है इस तरह के मामले आए दिन टोल प्लाजा गन्ने , मुगारी, पंडर , में सुनाई पड़ता रहता है लेकिन शासन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगता शासन प्रशासन क्यों मौन है यह मामला विचारणीय है आए दिन टोल प्लाजा पर लड़ाई झगड़े भी होते रहते हैं।




ट्रक ड्राइवर द्वारा प्रस्तुत हैंड बिल रसीद जिस पर अंकित है ओवरलोड टिकट यह अवैध और अमान्य टिकट है



## सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी ने स्क्रैप को जल्द ठीक करने का दिया निर्देश

**जसरा।** जसरा स्टेशन का सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी शिरत फातिमा के नेतृत्व में सेफ्टी टीम प्रयागराज द्वारा संरक्षा सबंधित ऑडिट किया गया। सर्वप्रथम स्टेशन का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित स्टेशन अधीक्षक सुरेश कुमार को कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सभी स्टेशन स्टाफ को नियमों के संबंध में जानकारी दी गई और विशेषकर गाड़ी संचालन पर विशेष काउंसिल किया गया। स्टेशन पर यात्री गाड़ी खड़ी होने पर बगल के लाइन से यदि कोई गाड़ी गुजारनी है तो एलाउंसमेंट सिस्टम से बार बार गाड़ी गुजरने का एलाउंस किया जाए जिससे कोई यात्री बगल के लाइन में नहीं जा सके के संबंध में स्टेशन अधीक्षक को निर्देशित किया गया। स्टेशन के समपार फाटक के नीचे पाई गई स्क्रैप को जल्द से जल्द निस्तारण करने हेतु खण्ड अभियंता को निर्देशित किया तथा स्टेशन से समपार के मध्य फेंसिंग करवाने हेतु भी निर्देश दिया गया। ताकि कोई भी जानवर रेल लाइन में न आ सके। लेवल क्रासिंग संख्या 424 का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित गेट मैन मुकेश कुमार को संरक्षित गेट संचालन के सम्बंध में काउंसिल किया गया।रोड उपयोगकर्ता को भी मनोज कुमार सिंह संरक्षा सलाहकार/यातायात, अबसार अहमद/संरक्षा सलाहकार इंजिनीरिंग द्वारा ऑडिट का कार्य किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर करन विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे :– ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 23.07.2022 को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **लखनपुर करन** के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 17.07.2022 से 23.07.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत **लखनपुर करन** के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लखनपुर करन | मनरेगा | गाटा संख्या 130 पर खेल का मैदान निर्माण | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 146107.00 | टेण्डर |
| 2. | लखनपुर करन | मनरेगा | सुरेश सिंह के घर से राजनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (लम्बाई 140 मीटर) | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 325000.00 | टेण्डर |

श्रीमती फूलकली
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत लखनपुर करन
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

लाल प्रताप
(ग्राम सचिव)
ग्राम पंचायत लखनपुर करन
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज


## पत्रकार महासंघ स्थापना दिवस पर किया वृक्षारोपण




**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के 32 वे स्थापना दिवस के अवसर पर तहसील इकाई करछना के तत्वावधान में करछना में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में महासंघ के क्रियाकलाप तथा आगामी कार्यों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया' इस अवसर पर जिला सोनभद्र में दो पत्रकारों पर जानलेवा हमले की जोरदार शब्दों में भर्त्सना की गई तथा शासन से दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की अपील की गईगोष्ठी के पश्चात एक स्कूल में वृक्षारोपण किया गया तत्पश्चात उपस्थित पत्रकारों को सम्मान पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन तहसील इकाई संरक्षक राजेश कुमार यादव तहसील अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार पांडे तथा कार्यकारिणी के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

## डीपीआरओ ने प्रधानों से मांगा भुगतान का ब्यावरा

**प्रयागराज।** मास्क बनाकर भुगतान के लिए परेशान समूह की महिलाओं की समस्याओं समाधान जल्द होगा। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के निर्देश पर डीपीआरओ आलोक सिन्हे ने सभी 1540 ग्राम सभाओं के प्रधानों से भुगतान का ब्योरा मांगा है। जिसके आधार पर यह तय होगा कि वर्ष 2020 में कितनी ग्राम सभाओं ने भुगतान नहीं किया था। जहां से भुगतान नहीं हुआ है, उन प्रधानों से भुगतान के लिए कहा जाएगा। कोरोना काल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बड़े पैमाने पर मास्क बनाकर आम नागरिकों को बांटा था। इस दौरान सभी विभागों ने मास्क का ऑर्डर दिया था। अधिकांश विभागों से भुगतान तो हुआ, लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से लगभग छह लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। जिसे लेकर अब परेशानी हो रही है।

## चक पुरेमियां बाजार चोरी के विरोध में चार घंटे बंद रही दुकानें

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत चक पुरेमियां बाजार में विगत दिनों हुई चोरी का खुलासा न होने से आक्रोशित व्यापारियों ने चार घंटे बाजार बंद रखा। पुलिस द्वारा 24 घंटे में चोरों की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद व्यापारियों ने बाजार खोला। 28 जून की रात में संजय कुमार जायसवाल की किराने की दुकान में रात्रि को चोरों ने सीढ़ी का ताला तोड़कर दुकान से 20 हजार के सामान 60 हजार नगद एवं 15 हजार बोरी में रखे सिक्के को उड़ा ले गये।संजय कुमार के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में आयी फोटो के आधार पर नामजद तहरीर के बावजूद पुलिस ने पूछताछ करके चोरों को छोड़ देने का आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज केशरवानी के नेतृत्व में सभी व्यापारियों के दुकानें बंद रखी।सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी ने व्यापारियों को समझा बुझाकर 24 घंटे में अभियुक्त को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया लेकिन व्यापार मंडल ने 48 घंटे का समय दिया है।व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज केशरी और पप्पू केशवानी ने कहा अगर पुलिस गिरफ्तारी नही करती तो दोबारा बाजार बंद किया जाएगा।

## बवनधर ग्राम पंचायत की कोटे की खुली बैठक अस्थागित

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के बवनधर ग्राम पंचायत के कोटेदार की 6माह पहले मृत्यु हो गई थी उसके बाद कोटे को बाघला ग्राम पंचायत के कोटे में संबद्ध कर दिया गया था तब से ग्रामीणों को राशन लेने के लिए बाघला जाना पड़ता था जो कि 4किलोमीटर दूर है नए कोटेदार की नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की खुली बैठक कर ग्रामीणोंकी सहमति से नए कोटेदार का चयन होना था लेकिन गांव की एक महिला की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया है जो अगली बैठक 25/7/2022 को होगी उक्त जानकारी ग्राम पंचायत अधिकार बवनधर दीपेश ने दी है ।

## नैनी की रहनें वालीं एक महिला अपना बच्चा देंगी रिश्तेदार को दान

**नैनी।** यूपी में बच्चा छोड़ कर भाग जाने के मामले को आपने कई बार सुने होंगे लेकिन संगमनगरी में एक अनोखा मामला सामने आया है एक दंपत्ति ने सहमति से बच्चा दान करने का फैसला लिया है स्वाति नाम की महिला ने यह बड़ा कदम उठाय है बता दें कि स्वाति दो माह कि प्रेग्नेंट है और शहर की एक बड़ी डॉक्टर की निगरानी में है नैनी की रहने वाली स्वाति ( परिवर्तित ) नाम ) तीसरी बार माँ बनने जा रही है लेकिन जन्म के बाद जो बच्चा होगा वह अपनी रिश्तेदार को देगी दरअसल उनके रिश्तेदार को कोई बच्चा नहीं है स्वाति की महिला रिश्तेदार को कोई संतान नहीं है उनकी एक गुजारिश पर स्वाति और उनके पति तैयार हो गए गर्भवती स्वाति ने कहा हम बहुत खुश हैं डॉक्टर ने जब स्वाति से पूछा कि वह किसी के दबाव में तो या कम नहीं कर रही है स्वाति ने बताया कि डॉक्टर साहब वह और उनके पति इसके लिए बहुत खुश हैं हम खुशी-खुशी अपना बच्चा अपनी रिश्तेदार को देंगे डॉक्टर ने उनकी काउंसिलिंग की और यह भी बताया कि यदि वह अपना बच्चा किसी को देना चाहती है तो ठीक है लेकिन इसके लिए पहले से ही पूरी तरह से मन बना लेना होगा क्योंकि जन्म के बाद एक मां का अपने बच्चे से भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है इसलिए दूसरे को अपना बच्चा देने में परेशानी हो जाती है स्वाति ने बताया कि उसके दो बेटे हैं दंपत्ति की जमकर हो रही सराहना आपको बता दें कि अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हाय जब-जब बत्ती अपनी सुनी गोद के चलते दर-दर भटकते हुए नजर आते हैं वह इस तरह की समस्याओं के बाद ज्यादातर डॉक्टर या फिर तांत्रिकों के दरवाजे पर चक्कर लगाते हैं हालांकि प्रयागराज से सामने आए इस मामले में एक सकारात्मक बदलाव नजर आया है या बच्चे का जन्म ना होने पर दंपत्ति अपने रिश्तेदार के लिए वरदान बनकर सामने आए हैं वहीं उनकी इस पहल की लोग जमकर सराहना भी कर रहे हैं।

## इनरव्हील क्लब आफॅ इलाहाबाद उदिशा की नई कार्यकारिणी गठित

**प्रयागराज।** इनरव्हील क्लब आफॅ इलाहाबाद उदिशा की नई कार्यकारिणि ने शनिवार को जिम्मेदारी संभाली। पदस्थापना समारोह के तहत अध्यक्ष मोनिका जायसवाल ने इनकमिंग प्रेसिडेंट डॉ अमृता अग्रहरि को कॉलर पहनाकर अध्यक्ष का पदभार सौंपा। कार्यक्रम की थीम ऋतंभरा के अनुरूप मनोहारी साज सज्जा की गई थी। बतौर मुख्य अतिथि डॉ रेखा श्रीवास्तव (सिनियर गाइनोलॉजिस्ट जे पी मैमोरियल हास्पिटल) एवं गेस्ट आफॅ ऑनर मिसेज किरन चावला जी,जो की भूतपूर्व ऐसोसीएसन की कोषाध्यक्ष रह चुकी हे ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अनेक क्लबो की अध्यक्ष एवं सचिव ने भी मौजूदगी दर्ज करवाई। कान्ह श्याम सिविललाईन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नवनिर्वाचित सेक्रेटरी शैली जैन ने होने वाले प्रोजेक्ट के बारे मे जानकारी दी जिसके तहत 3 गरीब बच्चो की स्कूल की सालाना फीस दी गई और जरूरतमंद व्यक्ति को कृत्रिम अंग (पैर) दिए गये। इनरव्हील ब्रैंडिंग की गई जिसके तहत " से नो प्लास्टिक " का प्रण लिया गया और आये हुए सभी लोगो को क्लौथ बैग बॉटा गया। पत्रिका विमोचन मुख्य अतिथि डॉ रेखा श्रीवास्तव जी के हाथों से हुआ। स्वागत नृत्य गीता जी ने किया। नई आइ.एस.ओ. का पदभार श्वेता केसरवानी, वाइस प्रेसिडेंट सारिका राठौर, कोषाध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं संपादक स्वाति अग्रवाल ने पदभार संभाला। इस उपलक्ष्य में शालनी अस्थाना, मनप्रीत सोडी, संयुक्ता कुमार, वैशाली, रजनी गोयल, ममता आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घोड़दौली, वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्रा पं/मनरेगा टेण्डर/2022-23

### (अल्प कालीन निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारो से मनरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 17.07.2022 से 20.07.2022 तक सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा फार्म उक्त तिथि को कार्यालय दिवस में विक्रय किये जायेंगे। निविदा दिनांक 20.07.2022 को ग्राम पंचायत के द्वारा गठित समिति व निविदादाताओं की उपस्थिति में 3 बजे खोली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ग्राम पंचायत /गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताए किसी एक या सभी निविदादाताओं की निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकता है। निविदा फार्म के साथ 2 प्रतिशत आर्नेस्टमनी जमा करना होगा शेष 8 प्रतिशत अनुबन्ध से पूर्व देय होगा। कार्य विवरण निम्नवत है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अर्नेस्ट मनी प्रतिशत में | टेण्डर फार्म का मूल्य रूपये में | कार्य पूर्ण होने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | घोड़दौली में कैटल शेड निर्माण कार्य अन्जू देवी पत्नी राहुल पाल एस0एच0जी0जय बजरंग बली | 129966.00 | 2 | 300 | 1 माह |
| 2. | घोड़दौली में पक्की नाली निर्माण कार्य, पक्की सड़क से जगन्नाथ यादव के घर तक | 324951.00 | 2 | 300 | 3 माह |

रामबरन
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत घोड़दौली
वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज।

वेद प्रकाश पाण्डेय
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घोड़दौली
वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज।



## कार्यालय ग्राम पंचायत नीबी वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत नीबी विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यों में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–07–2022 से दिनांक 27–07–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत नीबी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28–07–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28–07–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब के घर से तालाब तक पक्की नाली कार्य | 4.00 लाख | 3 माह |
| 2. | नन्हे शर्मा के घर से हरिशंकर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.00 लाख | 3 माह |
| 3. | गुलाब के घर से तालाब तक इण्टरलाकिंग कार्य | 8.00 लाख | 3 माह |
| 4. | सरकारी ट्यूबेल से बहुगुणा के मशीन तक पक्की नाली कार्य | 12.00 लाख | 3 माह |
| 5. | राधाकृष्ण मंदिर से हरिशंकर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 2 माह |
| 6. | काली चौरा से हरिशंकर के घर तक इ इण्टरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख | 2 माह |
| 7. | अमृत सरोवर नीबी तालाब संख्या 76 ख दक्षिण भाग कार्य | 30.00 लाख | 2 माह |

प्रवीण कुमार
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत नीबी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत/ टेण्डर/कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक 16.07.2022

कमल सिंह
(ग्राम सचिव)
ग्राम पंचायत नीबी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

# समाधान दिवस में मातहतों को मिली डीएम की फटकार

## दो सौ बहत्तर शिकायतों में सात का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीएम डा. नितिन बंसल ने मातहतो से कडे अंदाज में कहा कि समस्याओं का समाधान पीड़ित की संपूर्ण संतुष्टि हुआ करती है। डीएम इस बात पर नाराज दिखे कि शिकायतों के निस्तारण मे मातहत मौके पर पहुंचने मे लापरवाही की जद में देखे जाया करते हैं। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों की एक एक कर सुनवाई करते हुए सम्बन्धित विभागों को व्यवहारिक समाधान कराये जाने के तल्ख निर्देश दिये। डीएम की कई शिकायतों मे फरियादियों के द्वारा यह बताये जाने पर कि वह पिछले समाधान दिवस मे भी अपनी समस्या रख चुके हैं, समस्याओं के समाधान न होने को लेकर डीएम की भृकुटी कई



लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं की सुनवाई करते डीएम व एसपी तथा अन्य अफसर।

अफसरों पर तनी दिखी। डीएम का तल्ख तेवर देख समाधान दिवस मे एसडीएम सौम्य मिश्र तथा तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह समेत कई अफसरों की घिग्घी बंधी दिखी। वहीं समाधान दिवस मे पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई को लेकर एसपी सतपाल अंतिल का भी पारा गर्म दिखा। एसपी ने कई मामलों मे थानो द्वारा ठोस कार्रवाई न पाकर लालगंज तथा सांगीपुर व संग्रामगढ़ के थाना प्रभारियों पर जमकर बिफरे। एसपी ने संवेदनशील घटनाओं मे थानाध्यक्षो से स्वयं कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने को कहा । डीएम व एसपी ने शिकायतों की सुनवाई के बाद अफसरो के साथ समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट किया कि शिकायतों को लेकर वह रेण्डम चेकिंग करायेंगे। इस दौरान लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार कतई बख्शे नही जाएगे। समाधान दिवस मे कुल दो सौ बहत्तर शिकायतें आयी। इनमें से सात शिकायतों का निस्तारण हुआ। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की एक सौ पैंतीस तथा पुलिस की पचासी व अन्य की बावन रहीं। समाधान दिवस मे सीडीओ ईशा प्रिया, सीएमओ डा. गिरेन्द्र मोहन शुक्ल, अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता, सीडीपीओ पूर्णिमा मिश्रा आदि रहे।

# उप प्रधानाचार्य को दी गई भावभीनी विदाई



उप प्रधानाचार्य की विदाई समारोह में उपस्थित प्रधानाचार्य व शिक्षकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या सबीहा अब्बास नकवी के सेवा कार्य समाप्त होने पर आज विद्यालय परिसर मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्या गरिमा श्रीवास्तव व षिक्षक षिक्षिकाओ ने डा. सबीहा की सादगी और ईमानदारी को एक मिसाल बताया सबीहा अब्बास नकवी नेह्न प्रधानाचार्य बालिका इंटर कॉलेज गरिमा श्रीवास्तव ने विद्यालय में आयोजित उप प्रधानाचार्य सबीहा अब्बास नकवी के सम्मान एवं विदाई समारोह में कहां कि षिक्षक कभी रिटायर नहीं होता सबीहा का व्यवहार सभी के प्रति एक समान था और वह आगे भी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने वाले में प्रमुख रूप से रहे मंजू कुशवाहा, रंजना मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, सरिता, सिद्धार्थ कुमार श्रीवास्तव ,आदि इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर में रंगोली और कजरी गायन मे बच्चो की दिखी प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में आज लायंस क्लब प्रयागराज वसुधा द्वारा पर्यावरण, चाइल्ड कैंसर, नेत्रदान जागरुकता के साथ भारतीय संस्कृति को सींचने के एक छोटे से प्रयास के तहत सावन महीने को देखते हुए लोकगीत और कजली गायन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दिग्विजय द्वारा की गई सरस्वती प्रतिमा पर चार्टर अध्यक्ष लायंस क्लब प्रयागराज वसुधा लायन मैथिली सिंह, सदस्य लायन ललिता गुप्ता और रीता गुप्ता द्वारा किया गया लायन मैथिली सिंह द्वारा बच्चों को पर्यावरण जागरुकता, नेत्र जागरुकता और चाइल्ड कैंसर




विजेताओ को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य व क्लब के लोग।

जागरुकता करते हुए उन्हें प्रेरित किया गया कि घरों में आने वाली पालीथीन रोके प्रकृति के रक्षक बने और आगे भी सबसे ये बातें करते रहे कि कैसे केवल पाली थिन से ही 52तरह के कैंसर हो रहे साथ ही जिनके घरों में जगह है वो पौधे लगाएं जिनका अवलोकन वसुधा सदस्य और प्राचार्य जी फरवरी में करेगे जिसके पौधे जीवित होंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा साथही भारतीय संसकृति में बच्चों की रुचि जगाने को पवित्र श्रावण मास में लोकगीत कजरी गायन और रंगोली प्रतियोगिता भी हुई विजयी प्रतिभागियों को उपहार लायन ललिता गुप्ता द्वारा दिया गया।

## उदयपुर पुलिस ने बरामद किये ट्रक व बाइस गो-वंश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गश्त के दौरान शुक्रवार की रात ट्रक व बाइक के साथ बाइस गोवंश को बरामद करने में सफलता हासिल किया है। उदयपुर एसओ एहसानुलहक शुक्रवार की रात पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे कि इसी बीच रांकी गांव अर्न्तगत एक बबूल के जंगल मे गोतस्करों के उपस्थित होने की जानकारी मिली। आननफानन मे पुलिस ने घेराबंदी करके मौके से एक ट्रक व एक बाइक व ट्रक पर लदे बाइस गोवंश को बरामद करने मे सफलता हासिल किया। वहीं मौके से गोतस्कर भाग निकलने मे कामयाब रहे। एसओ एहसानुलहक का कहना है कि मामले मे अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियो को गिरफ्तार कर शीघ्र ही जेल भेजा जाएगा।

# धार्मिक पौधारोपण नाम पर आक्सीजन प्लांट की स्थापना

## सरकारी महकमे के साथ ग्रामीण भी लगा रहे है पीपल व बरगद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धार्मिक पौधारोपण करके ऑक्सीसन प्लांट स्थापित करने की मुहिम में सरकारी महकमे के साथ ही ग्रामीण भी जुट गए है ।जीवन रक्षक वायु अधिक देने वाले पौधों को अधिक संख्या में लगाया जा रहा है ।जिससे लोगों को शुद्ध प्राण वायु मिल सके साथ ही पक्षियों को हमेशा आहार के साथ ही पर्यावरण हरा-भरा व शुद्ध रहे।

धरती पर ऑक्सीजन की कमी न हो साथ ही यह वसुंधरा हरी-भरी रहे इसी उद्देश्य से सरकार सड़क के किनारे व वन क्षेत्र में अधिक ऑक्सीन देने वाले पौधे जैसे पीपल,नीम ,बरगद व पाकड़ को रोपित करवा रही है ।सरकार की इस मुहिम को ग्रामीणों ने भी आगे बढ़ाना शुरू कर दिए है ।गांव के लोग भी इन देव पौधों को रोपित

### पक्षियों को देव वृक्षों से हमेशा मिलता है आहार



पीपल के पेड़ के नीचे आक्सीजन लेते लोग।

करने में जुट गए है ।देव पौधो को लगाने से जहां वसुंधरा हरी-भरी रहेगी वहीं पक्षियों को हमेशा आहार के साथ ही लोगों को अधिक से अधिक जीवन रक्षक गैस मिल सकेगी ।पीपल,बरगद व पाकड़ के पेड़ो के साथ धार्मिक आस्था जुड़ी होने के कारण इनकी अवैध कटान भी नही होती है साथ ही यह पौधे दिन भर में लगभग बीस घंटे ऑक्सीसन देते है वहीं नीम व पीपल चैबीस घंटे लोगों को जीवन रक्षक गैस प्रदान करते रहते है।

### प्राकृतिक ऑक्सीजन प्लांट से बढ़ा रहे है जीवन रक्षक गैस

**लालगंज।** बड़े शहरों में जगह-जगह कृत्रिम आँक्सीजन प्लांट लगाएं गए है ।प्राण वायु का स्तर कम होने पर डॉक्टर उन्हें आँक्सीजन लेने की सलाह देते है ।जहां उन्हे उसके एवज मे शुल्क देने पड़ते है ।लेकिन गाँव में स्थापित प्राकृतिक ऑक्सीजन प्लांट में न ही कोई शुल्क देय होता है और न ही समय का प्रतिबंध होता है ।पीपल के वृक्ष के नीचे बैठे राजकुमार सिहं,राजन सिहं व पाल से बात की तो बताया कि जब उन्हे समय मिलता है वह जरूर दो से तीन घंटे पीपल के पेड़ के नीचे बैठते है ।ऐसा करने से वह लोग स्वयं को लाभान्वित महसूस करते है।

# प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर डॉ. नीरज त्रिपाठी सहित दर्जनों कांग्रेसियो ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य,नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के साथ दर्जनों नवजवानों ने रक्तदान कर ईश्वर से सांसद की लम्बी उम्र की कामना कियास रक्तदान के उपरान्त एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में संपन्न हुई ।बैठक को सम्बोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है रक्तदान करने से जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिल सकता



रक्तदान कराते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी।

है।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि जब रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पाण्डेय जी से बातचीत के दौरान पता चला की ब्लड बैंक में ब्लड की कमी है, आज ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ पहुंचकर दर्जनों नवजवान साथियों के साथ रक्तदान किया।

साथ ही साथ लगभग 20 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। रक्तदान के दौरान रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय द्वारा समस्त रक्त दाताओं को संस्थान का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान में मुख्य रूप से डॉ.नीरज त्रिपाठी, मोनू मिश्रा, सुनील शुक्ला,चंद्र प्रकाश पाण्डेय,शिवम यादव, बीडीसी अभिषेक ओझा,संदीप मिश्रा टिंकू, देवमणि पाण्डेय,तीर्थराज गुप्ता, विकास शुक्ला,सूबेदार यादव,शुभम शुक्ला,प्रेम शंकर द्विवेदी, कामेश मिश्रा, सद्दाम अहमद जी रहे।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मदारी ओरीपुर नौगीर गांव निवासी युवक की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मदारी ओरीपुर नौगीर निवासी विवेक कुमार श्रीवास्तव 24 पुत्र स्व. रामप्रताप श्रीवास्तव बीती शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे भइयापुर से बाइक से घर लौट रहा था। गांव के रास्ते पर अचानक सामने से एक गाय के आ जाने से टक्कर हो गयी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लखनऊ ले गये थे। जहां इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर विवेक की मौत हो गयी। मृतक माता पिता का अकेला पुत्र था। उसके एक छोटी बहन रूपा है। मृतक दिल्ली मे रहकर मजदूरी किया करता था। घटना से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# भतीजी ने चाची को पीट कर किया जख्मी, लगाई थाने में गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** रंजिश की वजह से भतीजी ने अपनी चाची को लात घुसा से मारा पीटा तथा दांत और नाखून से हमला बोलकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कोठियार गांव की रहने वाली गीता पटेल पत्नी रमाकांत ने इस संबंध में तहरीर दिया है जिसमें उसने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने खेत में थी और जैसे ही घर पर पहुंची उसके जेठ की लड़की रंजिश की वजह से उसका बाल पकड़कर नीचे खींच लिया और लात घुस उसे जमकर मारा पीटा तथा नाखून से चेहरे तथा शरीर पर कई जगह घाव बना दिया और दांत से काट लिया जिससे वह बुरी तरीके से जख्मी हो गई पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में आरोपी भतीजी के खिलाफ तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# मारपीट, तोडफोड व धमकी को लेकर आधा दर्जन पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तोडफोड व धमकी की घटना को लेकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भागीपुर कमौरा गांव की शांती देवी पत्नी स्व0 रामलखन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते पांच जुलाई को सुबह सात बजे रंजिश को लेकर गांव के सुनील सरोज, धर्मेन्द्र सरोज, रवीन्द्र सरोज, अनिल कुमार सरोज, विकास सरोज तथा उनके साथ नौबस्ता सांगीपुर निवासी बाबूलाल लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। नाली से पानी की निकासी को लेकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितों ने घर मे घुसकर पीड़िता तथा उसके परिवार के लोगों को मारापीटा और घर मे रखे कुर्सी मेज आदि सामानो को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ट्रैक मेंटेनर रेलवे बोर्ड की रीढ़ होते हैं: डा. आर.के. पाण्डेय

## नार्दन रेलवे में मेंस यूनियन की सभा में मांगो के सम्बन्ध में जुटे कर्मचारी




सभा को सम्बोधित करते कर्मचारी नेता।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन लखनऊ के मंडल मंत्री आरके पांडे ने कहा कि ट्रैक मेंटेनर रेलवे बोर्ड की रीढ़ होते हैं। उनकी समस्याओं पर रेलवे के अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। यूनियन उनके लिए संघर्ष को सदैव तत्पर है। शनिवार को प्रतापगढ़ पहुंचे मंडल मंत्री आरके पांडे ने शाखा के तत्वाधान मे स्टेशन पर ष्ट्रेड यूनियन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ट्रैक मेंटेनर कांफ्रेंस के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि यह बातें कहीं। विशिष्ट अतिथिगण के रूप मे सहा० मंडल मंत्री रंजन सिंह, व मंडलीय ट्रैकमेंटेनर कन्वेनर प्रवीन कुमार मौजूद रहेद्य कार्यक्रम में कर्मचारियो को ट्रेड यूनियन के बारे बताया गया व ट्रैक मेंटेनरो की समस्याओ एवं उसके निदान पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में कर्मचारियो ने अपनी समस्याओ से मंडलीय नेतृत्व को अवगत करायाद्य शाखा मंत्री अनिल शुक्ल ने पौधा और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया ।अध्यक्षता मो० शफीक ने की। युवा संयोजक विनय मिश्र ने आभार व्यक्त कियाद्य

कार्यक्रम में अजय आनंद, मनीष पांडेय, ओपी राव, जितेंद्र कुमार, एम.पी. पांडेय, वीरेंद्र सिंह, बीएल पटेल, शहंशाह आलम, राम किशोर, अवधेश पाल, बबिता पांडेय, अंजू पाल, रोशनी , मो० अनीश, अवधेश सिंह, धीरज सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, शिव शर्मा, जितेंद्र कुमार, रामहरि मीना, दिग्विजय सिंह, संजय डोगरा, सलामत उल्ला, अंशुल, अमीर चंद्र यादव राहुल कुमार, शैलेंद्र मिश्र मौजूद रहे।

# प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर प्रार्थना सभा, पौधरोपण तथा हवन पूजन के विविध कार्यक्रमों का हुआ धूमधाम से आयोजन

## कार्यकताओं व समर्थकों ने विकास के मिशन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ सांसद की लम्बी उम्र को लेकर मांगी मन्नतें

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर शनिवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विविध आयोजन हुये। सर्मथकों व कार्यकताओं ने नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व ट्रामा सेंटर में पहुंचकर प्रमोद तिवारी की लम्बी उम्र की कामना को लेकर मरीजों को फल बांटे। लालगंज स्थित प्रमोद तिवारी के आवास पर आचार्य डा. शिवमूर्ति शास्त्री व आचार्य राजेश पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य सामूहिक हवन पूजन मे भी प्रमोद तिवारी के नेतृत्व मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित कराए जा रहे सतत विकास के मिशन को मजबूत बनाये जाने का संकल्प लिया गया। कार्यकर्ता व समर्थक बड़ी संख्या मे बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे और श्रावण माह मे बाबा का दर्शन पूजन कर प्रमोद तिवारी के सार्वजनिक उज्ज्वल भविष्य की भगवान से मन्नत मांगी। लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर सामूहिक संगीतमयी सुन्दरकाण्ड में भी प्रमोद तिवारी व विधायक मोना के भारी संख्या मे जमा समर्थकों को मंत्रमुग्ध देखा गया। कार्यक्रम में संध्या आरती के दौरान शंख ध्वनि व घण्टो के शंखनाद की प्रस्तुति भी आकर्षण का केन्द्र दिखी। भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर मे जन्मदिन को लेकर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी के संयोजन मे वृहद पौधरोपण किया गया।

खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम में हजरत मौलाना रहमानी मियां तथा कुम्भीआइमा के शबाना बाबा मजार पर अधिवक्ता इरफान की अगुवाई में सांसद प्रमोद के सुखी जीवन के लिए खास दुआ भी मांगी गयी। सांगीपुर, रामपुर बावली, कुम्भीआइमा, अठेहा, मंगापुर, धारूपुर आदि स्थानों पर भी पौधरोपण अभियान की कांग्रेसियो के द्वारा उत्साहजनक शुरूआत देखी गयी। कार्यकताओं व समर्थकों के चेहरे तब खिल उठे जब प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर परम्परागत बारिश का भी यहां जोरदार आगाज हुआ। कार्यक्रम का संयोजन आल इण्डिया रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज के संयोजन में कैम्प कार्यालय पर जरूरतमंदो को सूखे खाद्यान्न पैकेट व वस्त्र आदि भी दिये गये। सह संयोजक पप्पू तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, केडी मिश्र, अधिवक्ता विकास मिश्र, डा. प्रवीन सागर शुक्ल ने विभिन्न आयोजनो के लिए कार्यकताओं का आभार जताया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, श्रीकांत मिश्र, चन्द्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, प्रीतेन्द्र ओझा, बृजेश द्विवेदी, मुन्ना शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, मनोज तिवारी, एसके शर्मा, रामबाबू पाल आदि रहे।

## तमंचा लहराते दो युवकों का वीडियो हुआ वॉयरल, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते दो युवकों का वीडियो वायरल होने से हडकंप मच गया। वायरल वीडियो मे दोनों युवक हाथ मे तमंचा लहराते साथियों के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में तमंचा लहराते दोनों युवकों को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे गिरधर तिना गांव का बताया जा रहा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नही हो सकी है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है, तमंचा लहराते डांस कर रहे युवकों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## आग से झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर बाजार में बीते शुक्रवार की दोपहर घर से नाराज होकर छात्र ने खुद को बोरे मे बंद कर आग लगा लिया था। गंभीर हालत में उसका प्रयागराज मे इलाज चल रहा था। जहां रात में ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अमेठी जिले के गौरीगंज निवासी राकेश मोदनवाल यहां सांगीपुर बाजार में चाय समोसे की दुकान चलाता है। बीते शुक्रवार की दोपहर उसका पुत्र अनुराग 14 किसी बात से नाराज होकर घर के पीछे खुद को एक बोरे को बंद कर आग लगा लिया था। गंभीर हालत मे चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया था। स्वजनों के अनुसार प्रयागराज में इलाज के दौरान देर रात अनुराग की मौत हो गयी।

## खबर संक्षेप

### मंझनपुर ब्लॉक के कार्यों को विशेष ध्यान देकर पूर्ण कराने के डीएम ने दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने तहसील मंझनपुर सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आकांक्षी विकास खण्ड मंझनपुर में किये जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि आकांक्षी विकास खण्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने से सम्बन्धित सभी इन्डीकेटरों की पुनः जाँच कर पोर्टल पर अपलोड करायें। उन्होंने कहा कि मंझनपुर ब्लॉक के कार्यों को गम्भीरतापूर्वक विशेष ध्यान देकर पूर्ण कराया जाय। शत-प्रतिशत संस्तृप्तीकरण कराया जाना है।

उन्होंने कहा कि हर सप्ताह मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एवं हर 02 सप्ताह पर उनके द्वारा प्रगति की समीक्षा की जायेगी तथा लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# तहसील मंझनपुर में डीएम एसपी ने सुनी आमजन की समस्यायें

अखंड भारत संदेश

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण**



समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील मंझनपुर में आमजन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतें पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।समाधान दिवस में शिकायतकर्ता गुड़िया देवी निवासी-नेहरू नगर, मंझनपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनके द्वारा क्रय की गई जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### खेत गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के डूंडीपुर गांव में एक युवक शुक्रवार की शाम 4:00 बजे खेतों की ओर गया था जहां वह गांव के बाहर बगीचे में बेहोशी हालत में मिला है सूचना पर पहुँचे परिजनों ने इलाज हेतु उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने युवक को प्रयागराज रेफर कर दिया है जहां इलाज के दौरान स्वरूप रानी अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई है पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के डूंडी पुर गांव निवासी शिवम उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र भैरव प्रसाद शुक्रवार की शाम 4:00 बजे घर से खेत की ओर जाने को कह कर निकले थे ढाई घंटे बाद परिजनों को सूचना मिली कि वह गांव के बाहर बगीचे में बेहोशी हालत में पड़ा है आनन-फानन में परिजन युवक को इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन हालत गंभीर थी जिस पर चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए प्रयागराज रेफर दिया है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क हादसे में वृद्ध महिला के शव को सारी रात सड़क पर रौंदते रहे वाहन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी में मानवता हुई शर्मशार**



वृद्ध महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया,एक वृद्ध महिला को उसके घर के सामने किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया,घायल महिला सड़क पर गिर गई और वाहन उसके ऊपर से गुजर गया,जिससे उसकी मौत हो गई,वृद्ध महिला का शव सारी रात सड़क पर ही पड़ा रहा, रात भर वाहन शव को रौंदते हुए आगे बढ़ते रहे। किसी ने भी पुलिस को सूचित करने या शव को किनारे करने की पहल नहीं की। घर के सामने महिला का शव पड़े होने के बाद परिजनों ने भी रात भर महिला की सुध नहीं ली।

मानवता को शर्मसार करने वाली और दिल को दहलाने वाली घटना कौशाम्बी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में डाहिया गांव की है। जानकारी के मुताबिक सुशीला देवी उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी काशी प्रसाद डहिया गांव में शुक्रवार की रात घर के नीचे कमरे में सो रही थी पूरा परिवार उसी घर में मौजूद थे परिजनों के मुताबिक वृद्ध महिला रात में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थी। महिला का शव तीन घंटे तक सड़क पर ही पड़ा रहा। शव को वाहन कुचलते रहे, इससे शव क्षत-विक्षत हो गया। रात में परिजनों को महिला की मौत की जानकारी नहीं हुई घटना की जानकारी सुबह वृद्ध महिला के परिवार के लोगों को हुई तो रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है आधी रात को वृद्ध महिला सड़क क्यों क्रास कर रही थी यह जांच का विषय है।

# मार्च-2024 तक जनपद के समस्त राजस्व ग्राम हर घर नल से जल से हो जायेंगे आच्छादित

अखंड भारत संदेश

**समीक्षा के दौरान सांसद ने जे0एम0सी0 एवं बाबा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को तेजी से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश, जल-जीवन मिशन फेज-01 का कार्य 30 सितम्बर 2022, फेज-2 का कार्य सितम्बर 2023 एवं फेज-03 कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण कर सम्बन्धित राजस्व ग्रामों में हर घर तक नल से जल पहुँचा दिया जायेंगा**




जल योजना की बैठक करते सांसद

**कौशाम्बी।** जल-जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों की विस्तृत समीक्षा सांसद विनोद सोनकर ने की बैठक में सांसद ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य कर रहीं डी0पी0एम0यू0, आई0एस0ए0 एवं टी0पी0आई0 के कार्यां की जानकारी प्राप्त करने पर अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि डी0पी0एम0यू0 का कार्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को आवश्यक सहयोग देते हुए जल-जीवन मिशन कार्यक्रम को सफल बनाना एवं आई0एस0ए0 का कार्य जनपद के ग्रामों में जन जागरूकता कार्यक्रम को क्रियान्वित करना व ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन तैयार कराना आदि कार्य है तथा टी0पी0आई0 एजेन्सी का कार्य जल-जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर कराये जा रहें समस्त कार्यों की तकनीकी/वित्तीय जॉच करना एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्तर प्रदेश जल निगम को जॉच आख्या प्रस्तुत करना है। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जल-जीवन मिशन फेज-01 के अन्तर्गत 06 नवीन पेयजल परियोजनाओं-उखैया खास, अफजलपुर सॉतों, पट्टी नरवर, गौसपुर, जाठी एवं टेंवा तथा 24 पुरानी पेयजल परियोजनाओं को मिलाकर कुल 30 पानी की टंकियों सहित अन्य शेष कार्यो को तेजी से पूर्ण करते हुए 30 सितम्बर 2022 तक 44 राजस्व गॉवों में हर घर तक नल से जल पहुॅचाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। बैठक में अधिशासी अभियंता ने बताया कि फेज-02 के अन्तर्गत जे0एम0सी0 कम्पनी द्वारा जनपद के 116 राजस्व ग्रामों में कुल 56 पानी की टंकी का निर्माण कराने के साथ ही अन्य सभी कार्यों को सितम्बर 2023 तक पूर्ण कर सम्बन्धित राजस्व गॉवों में हर घर तक नल से जल पहुॅचाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। उन्होंने बताया कि फेज-03 के अन्तर्गत जे0एम0सी0 कम्पनी द्वारा 159 राजस्व ग्रामों में कुल 95 पानी की टंकी तथा बाबा कान्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा 351 राजस्व ग्रामों में कुल 240 पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराने के साथ ही अन्य सभी कार्यों को मार्च 2024 तक पूर्ण कर सम्बन्धित राजस्व गॉवों में हर घर तक नल से जल पहुॅचाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। इस प्रकार मार्च-2024 तक जनपद के समस्त 675 राजस्व ग्राम हर घर नल से जल से आच्छादित हां जायेंगा। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित 100 दिन के कार्य योजना में फेज-03 के अन्तर्गत जे0एम0सी0 कम्पनी द्वारा 159 राजस्व ग्रामों के लिए 95 डी0पी0आर0 तैयार करना था, जिसमें से 40 डी0पी0आर0 तैयार किये गये हैं तथा बाबा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा 351 राजस्व ग्रामों के लिए 244 डी0पी0आर0 तैयार करना था, जिसमें से 65 डी0पी0आर0 तैयार किये गये हैं, जिस पर सांसद ने धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। दोनों कम्पनियों द्वारा बताया गया कि शेष डी0पी0आर0 31 अगस्त 2022 तक तैयार कर लिया जायेंगा। सांसद ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं के क्रियान्वयन में जहॉ पर जमीन न मिलने सहित आदि समस्यायें आ रही हैं, उन सभी समस्याओं की सूची उन्हें उपलब्ध करा दिया जाय, ताकि उप जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों से समस्या का समाधान कराया जा सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को आपसी समन्वय बनाकर तेजी से पूर्ण करें तथा जो कार्य पिछड़ गये हैं, उन सभी कार्यों को 30 अगस्त तक पूर्ण करते हुए आगे के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाय, ताकि निर्धारित समय तक सभी कार्य पूर्ण हों जाय। उन्होंने दोनों कम्पनियों से कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के लिए आवश्यकतानुसार मैनपावर बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा कि हर घर तक नल से जल पहुॅचाना पुण्य का कार्य है, इस कार्य को करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में गायन प्रतियोगिता का आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में 16 जुलाई को कक्षा 9 से 12 के छात्रों के बीच गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्रों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का सुभारम्भ प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रतियोगिता का आयोजन 2 चरणों में किया गया।प्रतियोगिता के अंतिम चरण में शीर्ष तीन छात्रों को बेस्ट सिंगर अवार्ड द्वारा नवाजा गया।शीर्ष तीन प्रतिभागियों में शिवांगी तिवारी प्रथम,स्मृति केशरवानी द्वितीय व फाल्गुनी मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया।निर्णायक मंडल में शिक्षक अनिल कुमार मिश्रा राम सनेही श्रीवास्तव,विवेक शंकर चतुर्वेदी,सुशील श्रीवास्तव,खुशबू गुप्ता व शिवम केसरवानी रहे।प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को इस तरह के सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभी शिक्षकों को ऐसे ही अनेक तरह के प्रतियोगिता और कार्यक्रम कराने की सलाह देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।प्रतियोगिता के आयोजन में वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर सिंह राकेश सिंह, सीता यादव,विवेक केसरवानी व सुशील श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश कुमार सिंह ने किया।इसी क्रम में आज प्राइमरी और प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा मैंगो डे का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने स्वयं आम की तरह पोस्टर लगाकर आम फलों का राजा क्यों होता है इस बात को अपने शिक्षकों द्वारा समझा।मैंगो डे के आयोजन में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रश्मि पाठक,रजनी श्रीवास्तव, दिव्या सिंह व पूनम सिंह का अहम योगदान रहा।इस अवसर पर समस्त शिक्षक मौजूद रहे

### महिला शिक्षकों ने किया पौधरोपण




**कौशाम्बी।** धरती को हरा-भरा करने और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य महिला शिक्षकों ने मंझनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में शुक्रवार को पौधरोपण किया है इस दौरान महिलाओं ने छात्र-छात्राओं अध्यापकों व अभिभावकों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया है महिला शिक्षकों ने बताया कि महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष सोनी केसरवानी के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महिला शिक्षक संघ द्वारा बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया जिसमें समस्त महिला शिक्षक संघ की कार्यकत्री उपस्थिति हुई कार्यकारिणी आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई तथा संघ को स्थिर व शक्तिशाली बनाने का दृढ संकल्प लिया गया चर्चा परिचर्चा के उपरांत सभी कार्यकत्री द्वारा पौधारोपण किया गया पौधारोपण और बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष अर्पना बाजपेयी अंजली शर्मा भी उपस्थित रहीं इस मौके पर जिलाध्यक्ष सोनी केशरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रही।




बैठक करते शिक्षक

# तदर्थ शिक्षकों का विनियमितिकरण वित्त विहीन शिक्षकों के समान किया जाए

**माध्यमिक शिक्षक संघ कौशाम्बी के शिक्षकों द्वारा धरना देकर मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित 18 सूत्रीय मांगों का सौपा ज्ञापन**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद कौशाम्बी के शिक्षकों द्वारा दिनांक 16 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देकर मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित अपनी 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन की बहाली, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितिकरण,वित्त विहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन,2016 के आदेश द्वारा विनियमित सेवा निवृत्त शिक्षकों को नियुक्ति की तिथि से अर्ह कारी सेवा मानते हुए पेंशन आदि समस्त देयक का भुगतान करने, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति आदि अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर अविलंब पूर्ण करने की मांग दोहराई गई।उक्त मांगे पूरी होने तक संगठन द्वारा संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रभाकर द्विवेदी एवम् संचालन जिला मंत्री चन्द्र कान्त शुक्ल ने किया,धरने में प्रमुख रूप से राजेन्द्र यादव,रामसुभग त्रिपाठी, सभा शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश, चंडिका मिश्रा, पुष्कर पांडेय, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, शिव नरेश सिंह,सुनीता पांडेय,प्रीति सिंह,रेखा सिंह,सलिल त्रिपाठी, सुभाष चन्द्र सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

### दरवेशपुर गांव में वृद्ध ने लगाई फाँसी मौत

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के थाना कोखराज अंतर्गत चौकी क्षेत्र के दरवेश पुर गांव मे शुक्रवार की रात में एक बृद्ध व्यक्ति ने फाँसी लगा मौत को गले लिया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुँची और बृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बता दे कि नगर पालिका परिषद भरवारी के दरवेश पुर निवासी राधे रमन उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र राम लखन ने शुक्रवार की रात घर मे फाँसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक ब्यक्ति ने अपनी संपत्ति को अपने बच्चो के नाम इस उम्मीद से कर दिया था जिन्दगी के अंतिम दिनों में बच्चे हमारी सेवा सत्कार्य करेगे परन्तु बच्चे ऐसा नही कर रहे थे जिसके चलते बीती रात राधे रमन ने फाँसी लगाकर मौत को गले लगा लिया घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बीते वर्ष हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 45 हैंडपंप की मरम्मत का अभिलेखों से निकला बजट

अखंड भारत संदेश

**शासन के निर्देश के बाद भी 2 वर्ष में एक हैंडपंप की मरम्मत नहीं करा सका नगर पालिका**



कर्बला के पास लगा खराब हैंडपंप

**कौशांबी।** करोड़ों के बजट खर्च किए जाने के बाद मंझनपुर कस्बे के कर्बला के पास लगे एक हैंडपंप की मरम्मत नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारी नहीं करा सके हैं मंझनपुर कस्बे की यह मुख्य बाजार है यहां सप्ताह में 2 दिन सब्जी की बाजार लगती है हजारों किसान मजदूर ब्यापारी ग्राहक और नगर वासी बाजार में मौजूद रहते हैं आस-पास कोई अन्य हैंडपंप नहीं है और जो हैंडपंप लगा है वह 2 वर्षों से खराब है जिससे नगर में आने वाले बाहरी लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ता है हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 45 हैंडपंप मरम्मत की रकम नगर पालिका मंझनपुर ने बीते वर्ष निकाल ली है लेकिन सूत्रों की माने तो एक भी हैंडपंप की मरम्मत नगर पालिका ने नहीं कराई है जिन हैंडपंप की मरम्मत की बात नगर पालिका कर रहा है वह हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं नगरपालिका के अधिकारियों का यह कारनामा बड़ी जांच का विषय है। पूरी तपन भरी गर्मी बीत चुकी है लोग पानी के लिए व्याकुल थे बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी नगर पालिका ने कर्बला के सामने जिला पंचायत आवास परिसर के पास लगे हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई है जबकि नगर क्षेत्र में विकास के नाम पर करोड़ों की रकम पानी की तरह बहा दिया गया है अपनी बनाये हुए नाले को नगरपालिका बेवजह तोड़कर फिर बनवा रहा है जो नाला और पुलिया नगरपालिका बना रहा है वह बनते ही टूट रही हैं नगर पालिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सड़के बनाई गई है वह भी बनाने के कुछ दिन बाद टूट रही हैं आखिर आम जनमानस के मुख्य उपयोग के कार्यों में विकास कराने में नगर पालिका के अधिकारियों को क्यों सांप सूंघ जाता है यही उनकी मनोदशा को उजागर कर रहा है कई बार लोगों ने हैंडपंप मरम्मत कराए जाने की मांग नगर पालिका के अधिकारियों के साथ-साथ शासन स्तर से भी की शासन से हैंडपंप मरम्मत का निर्देश भी दिया गया लेकिन उसके बाद भी शासन के निर्देश की अवहेलना करते हुए हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई है आखिर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों को इतना पक्षपात कहां से आता है सूत्रों की मानें तो बीते वर्ष हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 45 हैंडपंप के मरम्मत का बजट अभिलेखों से निकाल लिया गया है लेकिन एक भी हैंडपंप की मरम्मत नगरपालिका के अधिकारियों ने नहीं कराई है फर्जी तरीके से हैंडपंप की मरम्मत कराए जाने में लगे नगरपालिका के अधिकारियों के कारनामे पर आला अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं यदि हैंडपंप मरम्मत की जांच आला अधिकारियों ने कराई तो नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी की मुश्किल बढ़ सकती है लेकिन क्या नगर पालिका के अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर जांच करा कर इन्हें आला अधिकारी दंडित करेंगे या किसी दबाव में नगर पालिका के अधिकारियों को मनमानी करने की छूट मिलती रहेगी।

# 20 वर्षों में भी शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं कर सके स्वास्थ्य अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**करारी थाना क्षेत्र के फरीदनपुर गांव में संचालित अवैध क्लीनिक झोलाछाप कथित डॉक्टर की महिलाओं ने की डीएम से शिकायत**

**पहले भी कई बार सीएमओ कार्यालय में हो चुकी हैं झोलाछाप की शिकायत नहीं हुआ उसका बाल बांका**

**जिले में लगभग 1000 से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक और नर्सिंगहोम बेखौफ तरीके से हो रही है संचालित**

**कौशाम्बी।** शीर्ष अदालत ने दो दशक पूर्व झोलाछाप डॉक्टर के प्रैक्टिस पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है लेकिन शीर्ष अदालत का निर्देश कौशाम्बी जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं मानते हैं जिले में बेखौफ तरीके से झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के इलाज के नाम पर उनका शोषण कर रहे हैं मरीज और उनके परिजन झोलाछाप डॉक्टर की बार बार स्वास्थ्य अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के लोग झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं जिससे जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की लंबी फौज खड़ी है।

हाई स्कूल की डिग्री लेने के बाद कुछ दिन नर्सिंग होम में वार्ड ब्याय का काम देखने वाले लोग जिले में क्लीनिक की दुकान खोल रहे हैं कुछ दिन दुकान चलने के बाद यह दुकान आलीशान नर्सिंग होम में तब्दील हो जाती है जिले में लगभग 1000 से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक और नर्सिंगहोम बेखौफ तरीके से संचालित हो रही है बार-बार शिकायत के बाद भी किसी क्लीनिक नर्सिंग होम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं जबकि दो दशक पूर्व शीर्ष अदालत ने झोलाछाप डॉक्टर अकुशल अनट्रेंड चिकित्सकों के क्लीनिक अस्पताल संचालन पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया था लेकिन अधिकारी नहीं चेते दो दशक के बीच कौशांबी में झोलाछाप अकुशल अनट्रेंड चिकित्सकों के इलाज करने पर रोक नहीं लग सकी है मरीजों के इलाज के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूल कर कम पढ़े लिखे कथित डॉक्टर कुछ वर्षों में आलीशान बंगला लग्जरी कार के मालिक बन गए हैं लेकिन फिर भी स्वास्थ विभाग के अधिकारी अनजान बनने का ढोंग कर रहे हैं।

इसी तरह का एक मामला शुक्रवार को जिले में डीएम कार्यालय पहुँचा जहां करारी थाना क्षेत्र के फरीदनपुर गांव की दर्जनों महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव फरीदनपुर में कथित डॉक्टर अशोक मरीजों का इलाज कर रहा है जिसके पास किसी प्रकार की डिग्री नहीं है महिलाओं ने बताया कि यह क्लीनिक रजिस्टर्ड भी नहीं है फिर भी बेखौफ तरीके से इलाज में मरीजों का शोषण हो रहा है महिलाओं ने बताया कि इलाज में लूट मची हुई है पूर्व में झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक की सीएमओ से शिकायत की गई थी कोई कार्यवाही नहीं हुई जिस पर 12 जुलाई को फिर हलफनामा के साथ सीएमओ से शिकायत किया गया जिस पर क्लीनिक में मौजूद दवाएं कथितचिकित्सक हटा रहा था जिस पर मामले की शिकायत फिर सीएमओ और डायल 112 पुलिस को दी गई लेकिन उसके बाद भी झोलाछाप डॉक्टर की दुकान नहीं बंद हो सकी है महिलाओं का आरोप है कि इलाज में मनमानी बिल लगाया जाता है और जब मरीज के पास पैसा नहीं रहता तो उन्हें खेत बेचने रेहन रखने का दबाव बनाया जाता है इतना ही नहीं कुछ पैसा उधार हो गया तो उसको कुछ दिन बाद दिया जाता है तो उस पर सूदखोरी के तहत ब्याज वसूला जाता है महिलाओं ने चिकित्सक की गिरफ्तारी कराए जाने अवैध क्लीनिक को सील कराए जाने की मांग डीएम से किया है इस मौके पर कविता देवी सुनीता देवी गीता देवी नथनलाल लालती देवी गुलाहिया देवी रेखा देवी सविता देवी चंद्र कली सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रही।

### कम्पोजिट विद्यालय बंद करने की दबंग ने दी धमकी

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सरसावा विकासखंड अंतर्गत पचाम्भा गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में पड़ोसी गांव कोरीपुर का एक दबंग युवक पहुंचा और वहां अध्यापकों छात्रों को विद्यालय बंद करने की धमकी दी है अध्यापकों का कहना है कि युवक ने कहा कि इस विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य नहीं होगा दबंग ने कहा कि यदि विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य हुआ तो मार दिए जाओगे मामले में विद्यालय के अध्यापक राकेश सिंह ने थाना पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शिवलाल पासी पुत्र इन्द्रपाल निवासी बिंदाव थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र परसूत निवासी नवरंग का डेरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# तो फिर कीचड़ युक्त सड़कों में चलेंगे नगर पालिका के निवासी!

**ढाई महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद नगर पालिका के बालक मऊ की सड़क की मरम्मत नगरपालिका नहीं करा सका**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के गौतम बुद्ध नगर बालक मऊ वार्ड नंबर 2 में मथुरा अग्रहरि की दुकान से फतहा बाबा मंदिर तक सड़क गली का निर्माण नहीं हो सका है कच्ची सड़क पर नगर के लोगों का आवागमन होता है जिससे बारिश के दिनों में बालक मऊ गांव के लोगों को गलियों में निकलने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है मामले को लेकर कांग्रेस नेता जितेंद्र कुमार शर्मा ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भरवारी को 16 अप्रैल को शिकायती पत्र देकर मथुरा प्रसाद अग्रहरि की दुकान से फटाहा बाबा की मंदिर तक आरसीसी रोड या इंटरलॉकिंग कराए जाने का अनुरोध किया था उनका कहना था कि इस सड़क पर निकलने में बारिश के दिनों में दिक्कत होती है लोगों के घरों का पानी सही से नहीं निकल पा रहा है लोगों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है गांव की यह मुख्य सड़क है इसी रास्ते से प्राइमरी स्कूल के बच्चों को भी स्कूल आना जाना पड़ता है और बारिश के दिनों में स्कूली बच्चों को भी दिक्कत से जूझना पड़ता है उनका कहना है कि पहले से बनी हुई नाली पूरी तरह से टूट गई है इसकी वजह से नाली का पानी गली सड़क में बहता है जिससे सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं गली सड़क में गड्ढे होने से बारिश के दिनों में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं लेकिन ढाई महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद नगर पालिका के बालक मऊ की सड़क की मरम्मत नगरपालिका नहीं करा सका है जिससे बारिश के महीने में फिर बालक मऊ गांव के लोगों को जलालत झेलनी पड़ेगी।

संपादकीय

## आया सावन झूमके

**भारत** की लाखों वर्षों से ही यह मान्यता रही है कि प्रकृति ही ईश्वर है और ईश्वर ही प्रकृति है। और यह सावन का महीना प्रकृति की समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे बहुत से स्थान है जहां वर्षभर में सावन के महीने में ही जल प्राप्त होता है अन्यथा सूखा पड़ा रहता है। इस महीने में वृक्ष फिर से हरे-भरे होने लगते हैं। प्रकृति चहक उठती है। वर्षा से वृक्षों के पुराने पत्र भी धुलकर युवा होकर ओर अधिक सुंदर दिखने लगते हैं, मानो नये पत्रों के साथ सामंजस्य बैठाने का सफल प्रयास कर रहे हो। प्रकृति का सौंदर्य देखते ही बनता है जो सबको अपनी ओर आकर्षित करता है। सावन का महीना कई कारणों से बहुत ही महत्वपूर्ण है। एक ओर पूरे हिन्दुस्थान में इस पवित्र माह में जहां हर आयु के शिव भक्त गंगोत्री से अथवा हर की पौडी से गंगा का पवित्र जल भरकर कावड़ के माध्यम से पैदल ही सैंकड़ो किलोमीटर चलकर अपने गांव-शहर, क्षेत्र के मंदिर में बहुत ही श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं और भंडारा आदि देकर भक्ति में झूमते है। यह उस अध्यात्मिक भारत के दर्शन कराता है जो वास्तव में इसकी आत्मा है। यह दृश्य हर प्राणी मात्र को आत्मविभोर कर देता है। झूमने पर विवश कर देता है। सब अपनी सुध बुध खोकर भोले शंकर के रंग में जम जाते हैं। दूसरा सावन का महीना खुशहाली के लिए भी बहुत मान्यता रखता है। बॉलीवुड के अधिकतर गीत सावन को संकेत करके ही लिखे गए हैं। पर्दे पर सदियों से सावन को प्रेम का प्रतीक माना जाता रहा है। तीसरा देशभर में सावन के महीने में पौधारोपण हेतु अभियान चलाये जाते हैं। हर व्यक्ति को प्रेरित किया जाता है कि वह कम से कम एक पेड़ तो अवश्य लगाये। बहुत सारी निजी संस्थाएं, राजकीय संस्थाएं, प्रशासन, विद्यालय, महाविद्यालय औपचारिक या अनौपचारिक रूप से इस अभियान में भाग लेती हैं। किंतु कुछ लोगो ने जिद व जुनून के साथ इसे लक्ष्य बनाकर जो बीड़ा उठाया है, उन्हीं से प्रेरणा पाकर समाज के अधिकतर लोग अपने-अपने हिसाब से पौधारोपण में सहयोग करते हैं। हम अपने जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत वृक्षों, वनस्पतियों से बस लेते ही रहते हैं, देते कुछ नहीं। जब बच्चा जन्म लेता है तो उसे घुट्टी पिलाई जाती है वह भी वनस्पतियों से औषधि रूप में प्राप्त की जाती है। जिस घर में बच्चें को जन्म के साथ आश्रय मिलता है, उसमें भी इमारती लकड़ी का भरपूर प्रयोग हुआ होता। फिर जीवन के आगे बढ़ने के साथ-साथ प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं का हम भरपूर उपयोग करते हैं। किंतु विकास के नाम पर व्यक्ति जिसप्रकार प्रतिदिन पेड़ काट रहा है। प्रकृति का दोहन कर रहा है वह बहुत ही चिंतनीय है। इसे रोकना होगा अन्यथा इतनी आपदाएं आयेंगी कि धरा पर व्यक्ति का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। आने वाली पीढ़ी कभी हमें क्षमा नहीं करेंगी। ग्लोबल वार्मिंग पर पूरा विश्व चिंता प्रकट कर रहा है। इसे कम करने के लिए आवश्यक कदम भी उठा रहा है किंतु ये कदम आसमान पर नहीं जमीन पर खड़े होकर उठाने होंगे। भाषणों से अधिक प्रयोगात्मक कार्यो को मूर्त रूप देना होगा। अन्यथा हम देख ही रहे हैं कि पहले केदारनाथ में भयंकर सैलाब के चलते हजारों लोग काल के ग्रास हुये और अब अमरनाथ की गुफा पर बादल फटने से जो सैलाब आया वह जानमाल दोनों की हानि करके गया है।

## मर्यादा अनुरूप मुर्मू का प्रचार

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**राष्ट्रपति** देश का संवैधानिक प्रमुख होता है। संघीय कार्यपालिका शक्तियों का संचलन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में होता है। भारत में संसदीय शासन प्रणाली है। मंत्रिमंडल की सिफारिश और संसद द्वारा पारित विधेयक पर राष्ट्रपति हस्ताक्षर करते हैं। इसके बाद ही कानून बनता है। मूल संविधान में केवल यह उल्लेख था कि राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सलाह से कार्य करेंगे। इसका मतलब था कि राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सिफारिश और विधेयक को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में संशोधन किया गया। इसके माध्यम से मंत्रिमंडल की सिफारिश को स्वीकार करना बाध्यकारी बनाया गया। जनता पार्टी सरकार के समय इसमें पुनः संशोधन किया गया। इसके अनुसार राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सिफारिश को पुनर्विचार के लिए एक बार वापस कर सकते हैं। दोबारा वह सिफारिश या प्रस्ताव के अनुरूप ही कार्य करेंगे। मतलब राष्ट्रपति की भूमिका इस पर ही सिफारिश लौटाने का अधिकार है। इस संवैधानिक व्यवस्था के संदर्भ में विपक्षी उम्मीदवार के चुनाव प्रचार को देखना दिलचस्प है। वह यह दिखा रहे हैं जैसे राष्ट्रपति बनने के बाद वह पूरी व्यवस्था को दुरुस्त कर देंगे। जबकि राष्ट्रपति के पास ऐसा करने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं हैं। यशवंत सिन्हा ने चुनाव प्रचार को राजनीति के नकारात्मक स्तर पर पहुंचा दिया है। वह विगत आठ वर्षों से नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मुखर रहे हैं। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के बाद भी वह राजनीति के उसी धरातल पर हैं। ऐसा लग रहा है कि सर्वोच्च पद के चुनाव प्रचार को उन्होंने मोदी विरोध का अवसर मात्र मान लिया है। जबकि उनकी पराजय सुनिश्चित है। राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनाना तय है। राजग को विपक्षी मतदाताओं को अपनी तरफ मिलने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा का सत्तापक्ष राजग उम्मीदवार के साथ है। अनेक प्रदेशों के विपक्षी मतदाता राजग उम्मीदवार को अंतरात्मा की आवाज से वोट दे सकते हैं। यशवंत सिन्हा का समर्थन करने वाले दलों में भी कोई उत्साह रहता नहीं है। ममता बनर्जी के बयान से यशवंत सिन्हा की स्थित हास्यास्पद हो गई है। ऐसे में यशवंत सिन्हा की राजनीतिक दलीलों का कोई महत्त्व नहीं है। उनका आरोप है कि राष्ट्रपति चुनाव में पैसे देकर विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के अट्ठाइस आदिवासी विधायकों पर भाजपा की नजर है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करो, धन बल का प्रयोग करो वाली भाजपा की नीति के खिलाफ हमारी लड़ाई है। पहले शिवसेना को तोड़ दिया, सरकार गिरा दी और उन्हें फोर्स किया कि हमारे उम्मीदवार का समर्थन करो। यशवंत सिन्हा अनुभवी नेता हैं। उन्हें मालूम है कि पराजय तय है।

# किसी भी देश के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी

**सुनील कुमार महला**



**कहते** हैं कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है। जहाँ स्वच्छता है, वहाँ ईश्वर साक्षात विराजमान रहते हैं। वास्तव में, स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का काम करती है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। महात्मा गांधी जी ने कहा था-"स्वच्छता ही सेवा है।" किसी भी देश के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है, क्योंकि गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें अपनी व्यक्तिगत साफ सफाई के साथ साथ अपने आसपास के वातावरण की साफ सफाई रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। वास्तव में, स्वच्छता से ही किसी भी देश के विकास को पंख लग सकते हैं, क्योंकि स्वच्छता होगी तो हम सभी स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होंगे तो हम अधिक कार्यक्षमता को विकसित कर सकते हैं। कोरोना काल में हम सबने स्वच्छता की महत्ता जानी और समझी। कोरोना काल में हमें पता लगा कि जीवन में स्वच्छता का कितना अहम् रोल या भूमिका है। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है। गंदगी से बीमारियों का जन्म होता है, जिससे मानव विकास में बाधा उत्पन्न होती है। एक मनुष्य के जीवन में जिस तरह अन्न, जल, वायु, घर और कपड़े आवश्यक है, उसी तरह स्वच्छता भी आवश्यक है।स्वच्छता मनुष्य को शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है।किसी ने क्या खूब लिखा है कि "सभी रोगों की सिर्फ एक ही दवाई, हर घर में रखो साफ-सफाई।"हमारे धर्मग्रन्थों में भी स्वच्छता के बारे में निर्देश दिए गए है। गांधीजी ने स्वच्छता के बारे में कहा था कि, भक्ति के बाद दूसरी सबसे महत्वपूर्ण चीज स्वच्छता है। क्योंकि स्वच्छता जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करती है। आज सार्वजनिक तौर पर हमारे देश में स्वच्छता को लेकर अभी बहुत कुछ करना बाकी है। वास्तव में, शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ हमें वैचारिक स्वच्छता भी जरूरी है, क्योंकि वैचारिक स्वच्छता मानवी को एक अच्छा इंसान बनाती है। ऐसे लोग सिर्फ अपने बारे में ही नहीं बल्कि दूसरों का भी भला सोचते है। और जब पूरा भारत ऐसी सोच रखेगा तब देश को स्वच्छ होने में देर नहीं लगेगी। देश को स्वच्छ रखने के लिए आज विशेष तौर पर सभी शहरों में शौचालय बनाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। आज हमारे देश के महानगरों व बड़े - बड़े शहरों में भी सार्वजनिक शौचालय बहुत कम हैं और यदि हैं भी तो उनकी हालत ठीक नहीं है, अर्थात वे गंदे और टूटे फूटे हैं, उनकी साफ सफाई ठीक नहीं है। कहीं पानी बहता नजर आता है तो कहीं पर पानी ही नहीं है। नल टूटे हुए मिलते हैं, दीवारों में से पानी रिसता नजर आता है, शैवाल से बुरा हाल होता है।अनेक स्थानों पर आज सुलभ शौचालयों की हालत बहुत खराब है। जानकारी देता चलूं कि सुलभ शौचालय एक सामाजिक-सेवा से जुड़ी स्वयंसेवी एवं लाभनिरपेक्ष संस्था है। यह संस्था पर्यावरण की स्वच्छता, अपरम्परागत ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबन्ध, सामाजिक सुधार एवं मानवाधिकार को बढावा देने के क्षेत्र में काम करती है। इस संस्था से बहुत से स्वयंसेवक जुडे हुए हैं। आज भी बड़े शहरों में शौचालयों की समस्या है। वास्तव में, आज के समय में स्वच्छता से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौती घरों में शौचालयों का ना होना है। गांव में अक्सर ऐसा देखने को मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अधिकतर लोग शौच के लिए खुले में जाते हैं और इसके कारण वहाँ का वातावरण में अस्वच्छता फैलती है। हमें लोगों को जागरूक करना होगा। वास्तव में बढ़ती जनसंख्या के साथ आज जब हमारी आबादी 1.30 अरब का आंकड़ा छू रही है, तब लोगों खुले में शौच करने की प्रथा को समाप्त करना बेह-द जरूरी है। मानव मल में भारी संख्या में गंभीर बीमारियाँ फैलाने वाले कीटाणु होते हैं जिससे अनेक प्रकार की गंभीर व खतरनाक बीमारियाँ फैलती हैं। आज बड़े बड़े शहरों में मॉल , रेस्टोरेंट , कपड़ों के विभिन्न शोरूम सहित बड़ी - बड़ी दुकानों के निर्माण में शौचालयों का निर्माण किया जाने लगा है लेकिन आम लोगों के लिए कोई प्रबंध नहीं होते , जिसका परिणाम यह है कि आम लोगों को शौच के लिए खुली जगहों, स्थानों का प्रयोग करना पड़ता है जिससे सर्वत्र गंदगी फैलती है। बहुत बार खुले में शौच से हमारे जल स्त्रोत प्रदूषित होते है और फिर उन जल स्त्रोतों का जल पीने के लायक नहीं रहता। इन स्त्रोतों के जल को पीने से गंभीर बीमारियां होने की संभावनाएं होती हैं। जल गुणवत्ता में एक खास पहलू है कि इसमें मल की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए। जानकारी देता चलूं कि हमारी सरकार स्वच्छता के प्रति बहुत सजग है और देश की सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी भारत में प्रत्येक व्यक्ति की शौचालय तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु शौचालय योजना लागू की है, यह भारत के लोगों के जीवन पर बहुत लाभदायक प्रभाव डाल रही है लेकिन इसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की जरूरत है। आज अनेक स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के चलते कई लोगों को खाली जगहों की तलाश के लिए कई कई किलोमीटर तक जाना पड़ता है जिसे ठीक नहीं कहा जा सकता है। इससे समय खराब होता है। आज अनेक संस्थाएं शहरों, सड़क मार्गों पर मोबाइल टॉयलेट यानि चलित सार्वजनिक शौचालय बनाने की मुहिम शुरू कर चुकीं है। यह स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में अनूठा कदम है। इससे स्वच्छता मुहिम को एक नयी दिशा मिल सकेगी। जानकारी देता चलूं कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में मध्य प्रदेश के इंदौर को लगातार पांचवें वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब दिया गया है। सरकार की स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 रैंकिंग के अनुसार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश भारत के सबसे स्वच्छ राज्य हैं। पश्चिम बंगाल, मेघालय और केरल ने सूची में सबसे कम स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग हासिल की है।हमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से स्वच्छता के मामले मे प्रेरणा लेने की जरूरत है। जानकारी देता चलूं कि मौलिन्नोंग भारत के मेघालय राज्य के पूर्व खासी हिल्स ज़िले में स्थित एक गाँव है। यह एशिया का सबसे स्वच्छ ग्राम होने के लिए जाना जाता है। क्यों नहीं भारत के सभी गांव मेघालय के इस गांठ जैसे हो सकते ? हमें इस पर विचार करने की आवश्यकता है। आज स्वच्छता व प्रदूषण के मामले में फिलहाल भारत फिसड्डी साबित हुआ है। हमारे देश के कई शहरों का नाम दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में आया है। हमारे देश में अब तक यह हाल है कि कई लोगों को यह भी पता नहीं कि सार्वजनिक शौचालय होने भी जरूरी हैं। यहां जागरूकता की कमी के चलते स्वच्छता के प्रति चर्चा भी बहुत कम होती है। आज यदि देश में सार्वजनिक शौचालयों की गिनती बढ़ती है तो इससे स्वच्छता के साथ साथ स्वास्थ्य भी दुरुस्त होगा और देश विकास भी कर सकेगा। आज डोर टू डोर सफाई की जरूरत है। हमें ठोस व गीले कचरे का सही तरीके से निपटान करना चाहिए। आज गांवों व शहरों को खुले में शौच मुक्त करने की आवश्यकता महत्ती है। हमें जनसंख्या के अनुरूप अधिकाधिक सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय निर्माण की ओर हमें कदम बढ़ाने होंगे। नेटवर्किंग साइट्स, संचार द्वारा स्वच्छता का प्रचार प्रसार करना होगा। मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक हर तरीके से स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी होती है।

> **देश की सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी भारत में प्रत्येक व्यक्ति की शौचालय तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु शौचालय योजना लागू की है, यह भारत के लोगों के जीवन पर बहुत लाभदायक प्रभाव डाल रही है लेकिन इसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की जरूरत है**

# रोजगार सृजन कर किसानों की सहायता करता डेयरी उद्योग

**सत्यवान 'सौरभ'**

दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए-नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं। दूध भारत में सबसे बड़ी कृषि-वस्तु है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन डेयरी किसानों को सीधे रोजगार देता है। आर्थिक गतिविधियों में सुधार, दूध और दुग्ध उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत में वृद्धि, आहार संबंधी प्राथमिकताओं में बदलाव और भारत में बढ़ते शहरीकरण ने डेयरी उद्योग को 2021-22 में 9-11% की वृद्धि की है। इस क्षेत्र को बाजार के साथ एक मजबूत एकीकरण की आवश्यकता है। दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए-नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं पर अनुदान का भी प्रावधान रखा गया है। किसान व आम ग्रामीण अनुदान प्राप्त कर आजीविका के साधनों को बेहतर बना सकते हैं। भारत में दूध के उत्पादन और बिक्री की प्रकृति को देखते हुए दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग उपभोक्ताओं के रोजगार और आय में बदलाव के प्रति संवेदनशील है। इसलिये भारतीय अर्थव्यवस्था के इस महत्त्वपूर्ण क्षेत्र को बचाने के लिये बहुत कुछ करने की जरूरत है। पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और प्रजनन सुविधाओं और डेयरी पशुओं के प्रबंधन की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकताएं देखे तो कच्चे माल, मशीनरी और उपकरणों को संदर्भित करती हैं जिन्हें उद्योग को संचालन करने की आवश्यकता होती है। प्रसंस्कृत और पैकेज्ड दूध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकता में शामिल हैं; दूध जो उद्योग के लिए कच्चा माल बनाता है। जनसंख्या के लिए पर्याप्त दूध उत्पादन प्रदान करने के लिए गुणवत्ता वाले मवेशी; डेयरी किसान और सहकारी समितियां जो आर्थिक गतिविधि के रूप में डेयरी में भाग ले सकती हैं। पशुओं को खिलाने के लिए चारे की उपलब्धता; भंडारण और भंडारण सुविधाएं; एक कुशल रसद प्रबंधन। निर्धारित समय पर निर्धारित बिंदुओं से दूध की उठान सुनिश्चित करने के लिए कुशल परिवहन सुविधाएं और कनेक्टिविटी दुग्ध उत्पादों की आवश्यकताएँ हैं। डेयरी उद्योग की दूसरी आवश्यकताओं में शामिल हैं; उपभोक्ताओं को उत्पादों के हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन और रसद। डिलीवरी श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए कि उत्पाद उपभोक्ता को सुनिश्चित गुणवत्ता के साथ जाता है क्योंकि संसाधित और पैक किए गए सामानों की शेल्फ लाइफ एक चिंता का विषय है। दूसरी आवश्यकताओं में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन शामिल हैं ताकि उपभोक्ताओं तक अच्छी गुणवत्ता का दूध पहुंच सके। डेयरी उद्योग के संबंध में, एक दूध प्रसंस्करण इकाई किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, किसान समूहों आदि के साथ मजबूत पिछड़े संबंध स्थापित करती है। इसके अलावा, अपने प्रसंस्कृत दूध को बेचने में सक्षम होने के लिए, यह थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, निर्यातकों आदि के साथ मजबूत संबंध विकसित करता है। डेयरी उद्योग के दो स्तंभ है एक बैकवर्ड इंटीग्रेशन है जहां कंपनी अपस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य सस्ते दरों पर कच्चा दूध, समान गुणवत्ता, स्थिर आपूर्ति और किसी भी बिचौलियों को खत्म करना है। जैसे अमूल सीधे किसानों से दूध खरीदती है

दूसरा फॉरवर्ड इंटीग्रेशन जहां कंपनी डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य बिक्री, उपभोक्ता-संपर्क पर अधिक नियंत्रण प्राप्त करना और किसी भी बिचौलिए, थोक व्यापारी, खुदरा विक्रेता को खत्म करना है। जैसे अमूल के अपने पिज्जा आउटलेट और मिल्क पार्लर हैं। इसके अलावा, उद्योग के प्रभावी लिंक उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करके ब्रांड के लिए मूल्य जोड़ते हैं और उत्पादन के कारकों पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लागत बचत और बढ़ी हुई दक्षता होती है। डेयरी उद्योग में कच्चे माल की उपलब्धता और बाजार के साथ जुड़ाव आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है। इसलिए, यह अर्थव्यवस्था और किसानों को लाभान्वित करता है।

डेयरी क्षेत्र में पिछड़े एकीकरण के मुद्दे देखे तो चारागाह भूमि में कमी, और वर्षा सिंचित परिस्थितियों के कारण गुणवत्ता वाले चारे की उपलब्धता में कमी, परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता में क्षेत्रीय असंतुलन, ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालयों की कम उपस्थिति के साथ पशु चिकित्सा रोगों की बढ़ती घटनाएं, देशी नस्लों की कम उत्पादकता और विदेशी नस्लों के दूध में पोषण की कमी, गुणवत्ता वाले प्रजनन करने वाले सांडों और वीर्य की कम उपलब्धता और देशी और विदेशी नस्लों के क्रॉस ब्रीडिंग में तुलनात्मक रूप से कम सफलता, पशु वृद्धि में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग, किसानों के लिए विपणन सुविधाओं का अभाव के साथ बिचौलियों की उच्च उपस्थिति गंभीर समस्याएं है जो किसानों के लाभ को खा जाती है। इसके अलावा कुछ अन्य मुद्दे जैसे सहकारी समितियों की क्षेत्रीय सफलता, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में प्रोटीन सेवन पर बढ़ते ध्यान के कारण मूल्य वृद्धि, मिलावट और कृत्रिम दूध की उपस्थिति; लगभग 70% भारतीय दूध खाद्य सुरक्षा और मानकों द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता है, भी इस उद्योग की सफलता के रस्ते में आड़े आते है । आर्थिक अनिश्चितता के समय में डेयरी क्षेत्र में रोजगार सृजन और अतिरिक्त आय वाले किसानों की सहायता करने की एक बड़ी संभावना है। भारत दुनिया में दूध का सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला देश है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है क्योंकि भारत दुनिया का डेयरी बनना चाहता है।

# कविता और लोकजीवन का मार्गदर्शन

**हृदय नारायण दीक्षित**

**जीवन** और जगत को प्रकट करने के दो माध्यम हैं। पहला प्रत्यक्ष भौतिक जगत है। यह विज्ञान सिद्ध है। इसकी व्याख्या का मुख्य उपकरण बुद्धि है। तर्क बड़ा हथियार है। लेकिन तर्क पर्याप्त नहीं है। जीवन आनंद का अनुभव तर्क से नहीं होता। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में युधिष्ठिर से यक्ष ने पूछा था- 'जीवन मार्ग क्या है? युधिष्ठिर ने यक्ष के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा था-' ऋषि अनेक हैं। वेद वचन भिन्न-भिन्न हैं। धर्म का मूल तत्व स्पष्ट नहीं है। यह अति गहरी गुहा में है। तर्क की प्रतिष्ठा नहीं है। जीवन जगत के अध्ययन का यह विवरण बुद्धिगत है।' युधिष्ठिर ने अंत में यक्ष से कहा-' महाजनो येन गता सपंथाः।' महापुरुषों द्वारा बताया गया रास्ता ही सही मार्ग है। जीवन और संसार की व्याख्या का यह दृष्टिकोण भौतिक और संसारी है। लेकिन उसे समझने का दूसरा मार्ग भी है। यह मार्ग बौद्धिक नहीं है। अनुभूति और भावजगत इस दृष्टिकोण के प्रमुख उपकरण हैं। इसे प्रकट करने के लिए बौद्धिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है। हृदय इसका केन्द्र है। इसकी अभिव्यक्ति कविता में होती है। संभवतः इसीलिए प्राचीन दर्शन और जीवनशैली के संबंध में अब तक का सारा ज्ञान गीत और काव्य में है। गीतों का जन्मभाव से होता है। विशाल वैदिक वांग्मय कविता में है। ऋग्वेद में कहा गया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं। वही देवता भी निवास करते हैं। ऋचाएं वस्तुतः कविता हैं। वे जाग्रत बोध वाले लोगों के हृदय में प्रवेश करने की अभिलाषा रखती हैं। इस तरह से ऋचा और देवता परम व्योम में एक साथ हैं। मैं अपने भाव जगत में ऋचाओं और देवों के निवास वाले इस स्थान को देव गांव कहता हूं। गांव भावप्रवण होते हैं। आश्चर्यजनक बात है कि ऋचाएं देवों के निकट रहती हैं। लेकिन वह धरती के जाग्रत बोध वाले लोगो के हृदय में उतरने की इच्छा रखती हैं। वे देवों के हृदय में उतरने की इच्छा नहीं रखतीं। उन्हें देव नहीं मनुष्य प्रिय हैं। ऋचा का भाव गहरा है। उन्हें भावुक हृदय से ही पहचाना जा सकता है। ऋग्वेद में इसी प्रसंग में कहते है,' जो ऋचा का भाव नहीं समझते उनके लिए ऋचा का शब्द, अर्थ, ज्ञान कोई सहायता नहीं करता- 'ऋचां किम करिष्यति'। यहां ऋचा स्वयं में किसी का भला बुरा नहीं करती। ऋचाएं कविता हैं। सारे ऋषि कवि हैं। सभी ऋषि कवि नहीं होते। वैदिक साहित्य उत्कृष्ट कोटि का काव्य है। महाभारत और रामायण महाकाव्य कहे जाते हैं। रामचरितमानस और कम्ब की रामकथा कविता है। उपनिषद दर्शन भी कविता है। गीता साधारण गीत नहीं है। भारत का राष्ट्रगान जन गण मन रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा रचित कविता है। वंदे मातरम् बंकिम चंद्र के आनंद मठ उपन्यास में कविता है। यहां भारत माता का आकर्षक काव्य चित्र है। अथर्ववेद के ऋषि अथर्वा ने भूमि सूक्त लिखा था। समूचा भूमि सूक्त पृथ्वी कि स्तुति है और आनंद से भरीपूरी कविता है।

इसी के एक अंश में कहते हैं कि ये पृथ्वी माता सभी विचारों वाले और अनेक भाषाएं बोलने वाले लोगों को अपने हृदय में स्थान देती हैं । गीत काव्य के सृजन में भाव की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऋग्वेद में ऋषि विश्वामित्र और नदी के बीच संवाद है। यह संवाद अनूठा है और काव्य रस से भरा पूरा है। इस संवाद में विश्वामित्र नदी के किनारे खड़े हैं। नदी से कहते हैं कि हम पार करना चाहते हैं। आप थोड़ा नीचे बहो। नदी कहती है कि हम उसी तरह नीचे हुए जाते हैं जैसे कोई मां अपने बच्चे को दूध पिलाने के लिए उसके ऊपर झुक जाती है। नदियां बौद्धिक दृष्टि से भूगोल का भाग हैं। लेकिन काव्य में वे जीव मान माता हैं। नदियों को माता कहने की भाव अनुभूति ध्यान देने योग्य है। अथर्ववेद में नदी कि परिभाषा है-'हे सरिताओं तुम कल-कल कर नाद करते हुए बहती हो। इसी नाद के कारण तुम्हारा नाम नदी पड़ा है।' भाव जगत में धरती माता है और आकाश पिता है। वनस्पतियां देवता हैं। अग्नि देवता हैं। वायु देवता हैं। उपनिषद के ऋषि ने वायु को ब्रह्म कहा है। पत्थर भौतिक विज्ञान में कुछ विशेष पदार्थों के कणों के संयोजन हैं। लेकिन भाव जगत में यही पत्थर मूर्ति बनाए जाते हैं। उनकी पत्थर की देह वैज्ञानिक सत्य है।

# राजनीति में भी पैर जमा चुके हैं रवि किशन

**भोजपुरी** फिल्मों के साथ-साथ हिन्दी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाने वाले मल्टी टेलेंटेड रवि किशन 17 जुलाई, 2018 को अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं।

**रवि किशन का बचपन:** रवि किशन का जन्म 17 जुलाई के दिन साल 1971 को यूपी के जौनपुर शहर के एक छोटे से गांव बरैन में पिता श्यामा नारायण शुक्ला एवं माँ जदावती देवी के यहां हुआ था। रवि किशन चार भाई बहनों में सबसे छोटे हैं। बचपन से ही उन्हें एक्टिंग करने का शौक था। रवि किशन जब 17 साल के थे, तो उनकी मां ने उन्हें 500 रुपये दिए, जिसे लेकर वे मुंबई आने के लिए घर से भाग गए। रवि ने मुंबई के रिजवी कॉलेज ऑफ आर्ट, साइंस एंड कॉमर्स से बी कॉम की पढ़ाई पूरी की और अभिनय क्षेत्र में कूद गए।

**रवि किशन का परिवार:** 1993 में रवि किशन ने प्रीति किशन से लव मैरिज की। दोनों की दोस्ती स्कूल टाइम से थी। रवि और प्रीति दोनों 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे तो बस वही से दोनों के बीच प्यार का सिलसिला शुरू हो गया था। उसी समय से दोनों ने आगे चलकर एक दूसरे का हमेशा साथ निभाने की कसमें खाईं। दोनों की तीन बेटियां और एक बेटा है। रवि की बड़ी बेटी रीवा तो फिल्म सब कुशल मंगल से बॉलीवुड में एंट्री भी कर चुकी हैं।

**फिल्मी करियर** -भोजपुरी सिनेमा जगत में साल 2003 में फिल्म 'सइयां हमार' से अपना करियर शुरू किया। जो दर्शकों को काफी पसंद आई। इसके बाद तो उनके पास भोजपुरी फिल्मों की लाइन लग गई और वे यहां के बेताज बादशाह बन गए और कब होई मिलनवा हमार, राजा, बांके बिहारी विधायक, गंगा, भूमिपुत्र, बालीदान, ना घर के ना घाट के, मुखौटा, धमाल कैला राजा, हम है जोड़ी नंबर 1 जैसी हिट फिल्में दीं। भोजपुरी के अलावा किशन साउथ और बॉलीवुड की करीब 200 फिल्मों में काम कर चुके हैं। रवि किशन ने फिल्म 'पिताम्बर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने कई हिन्दी फिल्मों में काम किया, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली फिल्म तेरे नाम से। सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत इस फिल्म में रवि किशन भी अहम भूमिका में थे। इसके अलावा छोटे पर्दे पर शो 'झलक दिखला जा-5' और रियलिटी शो 'बिग बॉस-6' में भी हिस्सा ले चुके हैं।

# बकमाल मैच : स्टर्लिंग-टेक्टर के शतक, न्यूजीलैंड से तीसरा वनडे 1 रन से हारी आयरलैंड

**डबलिन।** डबलिन के मैदान पर क्रिकेट फैंस को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। न्यूजीलैंड से तीसरे वनडे में 361 रन का लक्ष्य मिलने के बाद आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर के शतकों की बदौलत आखिरी ओवर तक जीत हालिल करने की कोशिश की और सिर्फ एक रन से मैच गंवा दिया। मैच में कुल तीन शतक लगे। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल भी अपनी टीम के लिए शतक लगाने में सफल रहे थे। स्टर्लिंग ने जहां 120 तो टेक्टर ने 108 रन बनाए। न्यूजीलैंड इसी के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज 3-0 से जीतने में सफल रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड को मार्टिन गुप्टिल ने तेजतर्रार शुरूआत दी थी। फिन ऐलन के 33 और विल यंग के 3 रन पर आऊट होने के बाद गुप्टिल ने कप्तान टॉम लैथम और हैनरी निकोल्स के साथ पारी को आगे बढ़ाया। लैथम जहां 30 रन बनाकर आऊट हुए तो वहीं, हैनरी निकोल्स ने 54 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 79 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से पुछल्ले



बल्लेबाजों ने स्कोर बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने जहां 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाए तो वहीं, ब्रेसवेल ने 21 तो सेंटनर ने 14 रन बनाकर स्कोर 360 पर ला खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। कप्तान एंड्रयू बालबर्नी शून्य पर आऊट हो गए जबकि एंडी मैकब्राइन ने 26 रन बनाए। इस दौरान आयरलैंड को स्टर्लिंग और हेरी टेक्टर का सहारा मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 171 रनों की पार्टनरशिप की। स्टर्लिंग ने जहां 103 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्कों की मदद से 120 रन बनाए तो हैरी टेक्टर ने 106 गेंदों में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से 108 रनों का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से पुछल्ले बल्लेबाजों ने भी उम्दा पारियां खेलीं। टकर ने 14 तो डॉकरेल ने 22 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा। अंतिम ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 10 रनों की जरूरत थी लेकिन वह आठ ही रन बना पाए। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हैनरी 68 रन देकर चार तो मिशेल सेंटनर ने 71 रन देकर तीन विकेट लिए।

## बेन स्टोक्स 'द हंडर्ड' और स. अफ्रीका टी-20 सीरीज में नहीं लेंगे हिस्सा

**लंदन।** इंगलैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने आगामी दक्षिण अफ्रीका टी-20 सीरीज और घरेलू क्रिकेट के टूर्नामैंट 'द हंडर्ड' से खुद को अलग कर लिया है। स्टोक्स भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वनडे सीरीज में भी उनका प्रदर्शन औसत रहा था ऐसे में टेस्ट की कप्तानी पर पूरा फोक्स करने के लिए स्टोक्स ने खुद को ट्वंटी-20 क्रिकेट से फिलहाल दूर कर लिया है। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह जरूर खेलेंगे। देखें घोषित टीमें-



**इंग्लैंड वनडे टीम**

बटलर, मोइन, बेयरस्टो, कार्स, सैम, लिविंगस्टोन, ओवरटन, पॉट्स, राशिद, रूट, रॉय, साल्ट, स्टोक्स, टॉपली, विली।

**इंग्लैंड टी-20 टीम**

बटलर, मोइन, बेयरस्टो, ब्रूक, सैम, ग्लीसन, जॉर्डन, लिविंगस्टोन, मालन, राशिद, रॉय, साल्ट, टॉपली, विली।

## उइगर अधिकार कार्यकर्ताओं ने FIVB वॉलीबॉल लीग में चीन की भागीदारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**इस्तांबुल।** उइगर समुदाय के अधिकारों की वकालत करते हुए यूनियन ऑफ इंटरनेशनल ईस्ट तुर्किस्तान एनजीओ के कई कार्यकर्ताओं ने वीरवार को तुर्की के वॉलीबॉल स्टेडियम में घुसपैठ की और चीन और इटली के बीच निर्धारित खेल को रोक दिया। कार्यकर्ताओं तुर्की के अंकारा स्टेडियम में आयोजित होने वाली SÙIVB¤ वॉलीबॉल महिला राष्ट्र लीग में चीन की भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रदर्शन में 150 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें गुड पार्टी के उपाध्यक्ष रिडवान उज और फ्यूचर पार्टी के उपाध्यक्ष हाकवेर्दी अल्तुग भी थे। इससे पहले भी इस्लामिक विद्वान और बुद्धिजीवी जून के मध्य में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए इस्तांबुल में एकत्र हुए थे और अपना विरोध जताया था। हाल दिनों में तुर्की के आसपास प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया भर में मानवाधिकार कार्यकर्ता उइगरों पर चीन के अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जुलाई में ही उरुमकी नरसंहार की 13वीं वर्षगांठ भी थी। 5 जुलाई, 2009 को शिनजियांग में हुए इस नरसंहार ने उइगरों का दर्दनाक यादें दी थीं।

उइगर मुख्य रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यक तुर्क जातीय समूह हैं, जो मध्य और पूर्वी एशिया में पाया जाता है। उनका मूल क्षेत्र चीन के जनवादी गणराज्य में झिंजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र माना जाता है। झिंजियांग तकनीकी रूप से चीन के भीतर एक स्वायत्त क्षेत्र है। उइगर मुस्लिम हैं और वह मंदारिन को अपनी मूल भाषा नहीं मानते। उनकी संस्कृति भी चीन से अलग है।

## टी-20 विश्व कप 2022 क्वालिफिकेशन राऊंड में नीदरलैंड-जिमबाब्वे की एंट्री

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन राऊंड भी साथ ही चल रहे हैं। विश्व कप के लिए 8 टीमें पहले से चयनित हैं, बाकी 8 टीमों के लिए 2 ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 8-8 टीमें टॉप-4 स्पॉट के लिए आमने-सामने होंगी। खास बात यह है कि राऊंड एक में आखिरी दो टीमों के रूप में नीदरलैंड और जिमबाब्वे की एंट्री हो गई है। देखें ताजा स्थिति

**टी-20 विश्व कप 2022**

सुपर 12 : ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश।

**राऊंड 1 :** वेस्टइंडीज, श्रीलंका, स्कॉटलैंड, नामीबिया, आयरलैंड, यूएई, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड।

अभी राऊंड 1 में आठ टीमें हैं जो आगे बढ़ने के लिए क्वालिफिकेशन राऊंड खेलेंगी। इसी तरह राऊंड 2 भी होगा।

**विंडीज-श्रीलंका भी हैं राऊंड-1 में**

विंडीज टीम भले ही डैरेन सैमी की कप्तानी में दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुकी है लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी उन्हें विश्व कप में पहुंचने के लिए क्वालिफिकेशन राऊंड खेलने की जरूरत होगी। हालांकि विंडीज टीम की मौजूदा स्थिति देखकर नहीं लगता कि उन्हें कोई टीम रोक पाएगी लेकिन अगर आयरलैंड, श्रीलंका और नीदरलैंड की मौजूदा स्थिति देखें तो वह विंडीज को कड़ी टक्कर दे सकती है। बता दें कि टी-20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्तूबर से 13 नवंबर तक होगा। इसमें 16 देश हिस्सा लेंगे। कुल 45 मुकाबले होंगे। ऑस्ट्रेलिया गत विजेता है।

## बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतेंगे : हॉकी उपकप्तान हरमनप्रीत

**बेंगलुरु ।** आत्मविश्वास से भरे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह को उम्मीद है कि टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णिम अभियान को रोकने में सफल रहेगी। हॉकी 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा बना और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इसके बाद पुरुषों की प्रतियोगिता में सभी 6 स्वर्ण पदक जीते हैं।

हरमनप्रीत ने भरोसा जताया कि उनकी टीम बर्मिंघम में पासा पलटने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हमने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भी अच्छा खेला और इसलिए टीम में आत्मविश्वास की कमी नहीं है। हम मैच जीतते रहना चाहेंगे। हम निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण जीतने के लिए अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिए हमारी तैयारी बहुत अच्छी चल रही है। हम अभ्यास सत्र के दौरान अपने खेल के कुछ विशेष पहलुओं पर काम कर रहे हैं।



हमारा ध्यान एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हुई गलतियों से सीखने पर है। इस ड्रैग-फ्लिकर ने कहा कि गेंद को गोल पोस्ट के पास ले जाकर उसे सफलतापूर्वक गोल में बदलना और रक्षापंक्ति की खामी भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है लेकिन टीम इन दोनों पहलुओं पर लगातार काम कर रही है। हॉग ने कहा कि हम लगातार अभ्यास मैच खेल रहे है। मुख्य टीम शिविर में शामिल अन्य खिलाड़ियों की टीम के खिलाफ खेल रही है। इन अभ्यास मैचों से हमें मैदान में आपसी समन्वय सुधारने में मदद मिली है। इससे हमें अपनी रणनीतियों को परखने का मौका भी मिल रहा है।

## श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

**इस्लामाबाद।** श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान ने 16 जुलाई से श्रीलंका में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। इससे पहले श्रीलंका क्रिकेट इलेवन के खिलाफ खेले गए अभ्यास मैच में पाकिस्तानी क्रिकेटरों को कड़ी टक्कर मिली थी। श्रीलंका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज ड्रॉ करवाई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से टी-20 सीरीज गंवाने के बाद वनडे सीरीज जीती थी।

**पाकिस्तान की प्लेइंग 11**

बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान विकेटकीपर, अब्दुल शफीक, अजहर अली, हसन अली, इमाम उल हक, मोहम्मद नाज, नसीम शाह, सलमान अली आघा, शाहीन अफरीदी, यासीर शाह।

**ऐसी है पिच**

पहले दो दिनों में बल्लेबाजी के लिए सतह अच्छी होने की संभावना है, तीसरे दिन से गेंद स्पिन होने लगेगी। गाले में इन दिनों बारिश की संभावना भी रहती है। मैदान पर चलने वाली तेज हवा भी गेंदबाजों को मदद देंगी।

**मैच से जुड़े महत्वपूर्ण फैक्ट्स**

पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 20 में से 20 टेस्ट जीते हैं। श्रीलंका में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा है। पाकिस्तान ने यहां 8 मैच जीते हैं और केवल सात हारे हैं। डिकवेला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी औसत पाकिस्तान के खिलाफ है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40.55 की औसत के साथ दस पारियों में 365 रन बनाए हैं। श्रीलंका में यासिर का औसत 19.33 है, जो कि अन्य देशों से बेहतर है। उन्होंने श्रीलंका में 6 पारियों में 24 विकेट लिए हैं। विश्व





टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में श्रीलंका तीसरे और पाकिस्तान चौथे स्थान पर है। दोनों में से किसी एक के लिए 2-0 की जीत से उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने का मौका मिल सकता है।

## मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के क्लब से मिला बंपर ऑफर

**लंदन।** मशहूर फुटबॉलर और मैनचेस्टर यूनाइटेड के मुख्य खिलाड़ियों में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब द्वारा 200 मिलियन पाउंड से अधिक का ऑफर मिला है। 37 वर्षीय रोनाल्डो का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अगली गर्मियों तक अनुबंध है, लेकिन उन्होंने क्लब को सूचित किया कि वह नए सत्र से पहले क्लब छोड़ना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रोनाल्डो को एक बेनामी सऊदी अरब क्लब से दो वर्षों के लिए 233.23 मिलियन पाउंड का आकर्षक ऑफर मिला है।

सऊदी अरब का यह क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को 25 मिलियन पाउंड का स्थानांतरण शुल्क का भुगतान करने को भी तैयार है। हालांकि रोनाल्डो इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के





इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि अगले सत्र में चैंपियंस लीग में खेलने की उनकी महत्वाकांक्षा बनी हुई है। चेल्सी ने इन गर्मियों में रोनाल्डो को साइन करने का कोई प्रयास नहीं करने का फैसला किया है, हालांकि एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लब अभी भी रुचि बनाए हुए हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बार-बार जोर देकर कहा है कि रोनाल्डो बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है, लेकिन खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों के कारण क्लब के थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया के प्री-सीजन दौरे पर नहीं गया था।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के नए प्रबंधक एरिक टेन हैग ने जोर देकर कहा है कि आने वाले सीजन के लिए यह अनुभवी फॉरवर्ड उनकी योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था, हम इस सीजन के लिए रोनाल्डो के साथ योजना बना रहे हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या रोनाल्डो साउदी अरब के क्लब में जाना चाहते हैं तो टेन हैग ने जवाब दिया, उन्होंने मुझे यह नहीं बताया है। मैंने पढ़ा है, लेकिन जैसा कि मैंने कहा है, क्रिस्टियानो बिक्री के लिए नहीं है, वह हमारी योजनाओं में है और हम एक साथ सफलता प्राप्त करना चाहते हैं।

## सीओए ने एआईएफएफ के संविधान का अंतिम मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंपा

**नई दिल्ली।** प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा बनाया गया अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान का अंतिम मसौदा मंजूरी के लिये उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। एआईएफएफ ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। एआईएफएफ के कार्यकारी महासचिव सुनंदो धर ने कहा, ''विभिन्न हितधारकों से लंबी चर्चा के बाद एआईएफएफ के संविधान का मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। '' उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई वाले एआईएफएफ प्रशासन को पद से हटाने के बाद पिछले महीने हालात का जायजा लेने आई फीफा एएफसी की टीम ने कड़ी समय सीमा दी थी । एआईएफएफ के संविधान का अंतिम मसौदा प्रशासकों की समिति (सीओए) ने तीन दिन पहले फीफा को भी भेज दिया है । संविधान का अंतिम मसौदा प्रदेश संघों को भी दिया गया ।

*एआईएफएफ के कार्यकारी महासचिव सुनंदो धर ने कहा, ''विभिन्न हितधारकों से लंबी चर्चा के बाद एआईएफएफ के संविधान का मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है।*

## एथलेटिक्स लीड विश्व चैम्पियनशिप : लंबी कूद के फाइनल में श्रीशंकर

**यूजीन (अमरीका)।** भारत के मुरली श्रीशंकर (भारत में शनिवार सुबह) को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के पुरुष लंबी कूद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। विश्व रैंकिंग में 13वें नंबर के खिलाफ श्रीशंकर ने 8.00 मीटर के सातवें सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर के साथ उनके हमवतन जेस्विन एल्ड्रिन (7.79 मीटर) और मोहम्मद अनीस यहया (7.73 मीटर) भी थे लेकिन वह पदक राउंड में जगह नहीं बना पाए। श्रीशंकर शनिवार (भारत में रविवार सुबह) होने वाले फाइनल में अकेले भारतीय होंगे। नियमों के अनुसार, 8.15 मीटर की कूद लगाने वाले एथलीट्स या दोनों समूहों के शीर्ष-12 फाइनल में जगह बनाने के योग्य थे। जापान के युकी हाशियोका (8.18 मीटर) और





अमेरिका के मार्किवस डेंडी (8.16 मीटर) सहित केवल दो एथलीट ही मानक को पूरा करने में सक्षम थे। इसी बीच, भारत के अविनाश साबले ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दिन शनिवार को 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। साबले ने 8.18.75 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। तीन हीट में से प्रत्येक के शीर्ष तीन और अगले छह सबसे तेज खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई, जो सोमवार (भारत में मंगलवार सुबह) को आयोजित किया जाएगा। दोहा में फाइनल में पहुंचे 27 वर्षीय साबले वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। उन्होंने पिछले महीने रबात डायमंड लीग के फाइनल में 8.12.48 के साथ अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड (8.16.21) को तीन सेकंड से मात दी थी। साबले ने 8वीं बार पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो था। उन्होंने पहली बार 2018 में गोपाल सैनी द्वारा निर्धारित 8.30.88 के 37 वर्षीय रिकॉर्ड को अंतर राज्य चैंपियनशिप में 8.29.80 के समय के साथ तोड़ा था।

## टीएनपीएल में मुरली विजय ने 57 गेंदों में ठोका शतक, टीम के 71 फीसदी रन बनाए

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडु क्रिकेट प्रीमियर लीग के दौरान क्रिकेट फैंस को मुरली विजय का खतरनाक अंदाज देखने को मिला। नेल्लई रॉयल किंग्स टीम से मिले 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रूबी त्रिची वारियर्स की ओर से खेलते हुए मुरली ने यह धमाकेदार पारी खेली। हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए लेकिन अपनी टीम के लिए कुल 170 में से 121 रन यानी 71 फीसदी रन वह अकेले ही बनने में सफल रहे। मुरली ने इस दौरान कुल 66 गेंदों में सात चौके और 12 छक्कों की मदद से 121 रन बनाए। उन्होंने 57 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था।

मुरली विजय के लिए यह पारी काफी अहम हैं क्योंकि तमिलनाडु प्रीमियर लीग में वापसी के बाद वह पहले ही मैच में केवल आठ ही रन बना पाए थे। लेकिन इसके बाद मुरली ने



गेयर बदला और त्रिपुरा के खिलाफ 34 तो कोवई किंग्स के खिलाफ 61 रन की पारी खेली। लेकिन नेल्लई रॉयल किंग्स के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर निकलकर आया। मुरली विजय इससे पहले आईपीएल 2022 में दिखे थे जहां उनका प्रदर्शन औसत देखा गया था। ऐसा लगा था कि मुरली रिटायरमैंट ले लेंगे लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वापसी कर अपनी उपयोगिता साबित कर दी।

मैच की बात करें तो नेल्लई रॉयल किंग्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में महज 2 विकेट खोकर 236 रन बनाए थे। साई निरंजन के 5 और सूर्यप्रकाश के 18 रन पर आऊट होने के बाद बाबा अपराजित के साथ मिलकर संजय यादव ने टीम का संभाला और 207 रन की पार्टनरशिप करते हुए 236 तक पहुंच गए।

बाबा अपराजित ने जहां 48 गेंदों में पांच चौके और 8 छक्कों की मदद से 92 रन बनाए तो वहीं, संजय यादव ने 55 गेंदों में छह चौके और 9 छक्कों की मदद से 103 रन बनाए।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूबी की टीम के सिर्फ मुरली विजय का सहारा मिला। ओपनर शिव 9, अमित सात्विक 0 और राजागोपाल के 1 रन पर आऊट होने के बावजूद मुरली ने एक कोना संभाले रखा और रन बनाते रहे। मुरली के साथ आदित्य गणेश ने सर्वाधिक 13 रन बनाए। जबकि डास 1 तो गोकुल मूर्ति केवल 4 रन बनाकर आऊट हो गए। टीम 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 170 रन ही बना सकी और मैच 66 रनों से गंवा दिया।

## नया सितारा : सूर्यकुमार को टक्कर दे रहे संजय यादव, टीएनपीएल में ठोक रहे हैं ताबड़तोड़ रन

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान नेल्लई रॉयल किंग्स की ओर से खेल रहे संजय यादव ताबड़तोड़ रन बनाकर चर्चा में आ गए हैं। शुक्रवार को रूबी त्रिची वारियर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उनके बल्ले से शतक निकला। लीग की अगर बात की जाए तो उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। उन्होंने पिछली कुछ पारियों में 87*(47), 0(1), 55*(19), 70*(42), 7(5) और 103*(55) रन बनाए हैं। यही नहीं गेंदबाजी करते हुए संजय विकेट निकालने में भी सफल हो रहे हैं। संजय अपनी ठीक के लिए ठीक वैसी ही भूमिका निभा रहे हैं जैसी मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव निभा रहे थे। यादव को भी टीम इंडिया के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

**टीपीएनएल में अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर**

229 अरुण कार्तिक

219 संजय यादव

194 सुरेश कुमार

194 विशाल वैद्या

190 बाबा अपराजित

**प्वाइंट टेबल में भी नेल्लई रॉयल किंग्स टॉप पर**

नेल्लई रॉयल किंग्स ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं जिनमें उन्होंने एक भी मुकाबला गंवाया नहीं है। दूसरे नंबर पर मुदरई की टीम है जोकि पांच में से जीत मुकाबले जीत चुकी है। चेपक 4 में से 2 तो कोवई पांच में से दो मुकाबले जीतकर चौथे स्थान पर हैं। त्रिपुरा 4 में से दो मैच जीतकर पांचवें स्थान पर तो डिंडीगुल ड्रैगर पांच में से दो मैच जीतकर छठा स्थान पर है। रूबी वारियर्स पांच में से चार मुकाबले गंवाकर तो सलेम स्पार्टन 4 में से चार मुकाबले गंवाकर क्रमशः सातवें और आठवें स्थान पर बने हुए हैं। मैच की बात करें तो नेल्लई रॉयल किंग्स टीम की ओर से बाबा अपराजित ने जहां 48 गेंदों में पांच चौके और 8 छक्कों की मदद से 92 रन बनाए तो वहीं, संजय यादव ने 55 गेंदों में छह चौके और 9 छक्कों की मदद से 103 रन बनाकर टीम का स्कोर 236 रन तक पहुंचाया।

# विदेश संदेश

## संयुक्त राष्ट्र की श्रीलंका को सलाह- संविधान का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण हो सत्ता का हस्तांतरण

**संयुक्त राष्ट्रः** श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र ने देश के सभी हितधारकों से संविधान के प्रति पूर्ण सम्मान दिखाते हुए सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने की अपील की है। विश्व संस्था ने यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि मौजूदा अस्थिरता और लोगों की शिकायतों के मूल कारण का समाधान किया जाए। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाद देश में संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर हाना सिंगर-हम्दी ने एक बयान में कहा कि यह जरूरी है कि सत्ता का हस्तांतरण संसद के भीतर और बाहर व्यापक एवं समावेशी विचार-विमर्श के साथ हो। उन्होंने कहा, ''श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र सभी हितधारकों से संविधान का पूर्ण सम्मान करते हुए सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को सुनिश्चित करने का आग्रह करता है। यह महत्वपूर्ण है कि मौजूदा अस्थिरता के मूल कारणों और लोगों की शिकायतों का समाधान किया जाए। सभी हितधारकों के साथ बातचीत सभी श्रीलंकाई लोगों की चिंताओं को दूर करने और आकांक्षाओं को पूरा करने का सबसे अच्छा तरीका है। गायिका-हम्दी ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा बल संयम बरतें और मानवाधिकार सिद्धांतों और मानकों का सख्ती से पालन करें।

## पाकिस्तान के सिंध में युवक की हत्या के बाद झड़प, 160 लोग गिरफ्तार

**पेशावरः** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधियों और पश्तूनों के बीच झड़प होने के बाद करीब 160 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हैदराबाद के एक होटल में एक सिंधी व्यक्ति की हत्या के बाद दोनों समुदायों के बीच झड़प हुई। सोशल मीडिया में वायरल एक



वीडियो में देखा जा सकता है कि बिलाल काका (35) नामक एक व्यक्ति को एक पश्तून होटल के मालिक ने पीटा और बाद में उसकी हत्या कर दी। यह घटना हैदराबाद में हुई थी। भोजन के बिल को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार, काका और उसके चार दोस्तों ने होटल के मालिक शाह सरवर पठान को धमकी दी थी जिससे स्थिति बिगड़ गई। दोनों समुदायों के बीच कई स्थानों पर झड़पें हुईं।

## वैश्विक टीकाकरण में कोरोना बना रोड़ा, 30 साल की सबसे बड़ी गिरावट

**वाशिंगटनः** बच्चों के जीवन रक्षक टीकों की खुराक में वर्ष 2021 में 30 साल की सबसे बड़ी गिरावट आई है। डब्ल्यूएचओ और यूनीसेफ के ताजा आंकड़ों के अनुसार बीते साल दुनियाभर में ढाई करोड़ से ज्यादा नवजात बच्चों को मूलभूत टीके नहीं लगे। वैश्विक टीकाकरण में पहले से कमी आ रही थी, लेकिन कोरोना ने इसमें और इजाफा कर दिया। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के अनुसार पिछले करीब 30 सालों में नवजातों के टीकाकरण में सबसे बड़ी गिरावट 2021 में आई। डिप्थीरिया, टेटनस और पर्टुसिस (ष्ठञ्जक्क) से बचाव की तीन खुराक लेने वाले बच्चों की संख्या में 2019 में पांच फीसदी गिरावट आई थी जो 2021 में 81 फीसदी हो गई। नतीजतन 2021 में ही 2.5 करोड़ बच्चों का डीटीपी वैक्सीन एक या उससे ज्यादा डोज छूट गया। यह संख्या 2020 और 2019 की तुलना में 20 लाख ज्यादा है। इस गिरावट से साबित होता है कि ये बच्चे बचाव योग्य बीमारियों की जोखिम में हैं। इस गिरावट की मुख्य वजह युद्धग्रस्त क्षेत्रों में रहना और कोरोना के कारण फैली भ्रांतियां हैं। कोविड के कारण टीकों की आपूर्ति श्रृंखला का भी टीकाकरण पर असर पड़ा है और स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा ध्यान महामारी से बचाव में लगने से इस कार्य के लिए संसाधन कम हो गए।

**भारत समेत इन देशों में सर्वाधिक कमी**

नवजात बच्चों के टीकाकरण में सबसे ज्यादा गिरावट मध्य और निम्न आय वाले देशों में आई। इनमें भारत, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, इथियोपिया, फिलीपींस में टीकाकरण में सर्वाधिक कमी आई है। यूनीसेफ इंडिया के मणिक चटर्जी ने बताया कि भारत ने कोविड महामारी के बावजूद पूरी कोशिश की है कि टीकाकरण में कमी न आए। भारत तेजी से बच्चों के टीकाकरण का काम फिर शुरू करेगा।

## सऊदी अरब के दौरे पर यूएस प्रेसिडेंटः सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले बाइडेन, बोले- पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के लिए आप जिम्मेदार

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सऊदी अरब के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। इस दौरान बाइडेन ने 2018 में हुई पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या का मामला उठाया। उनका मानना है कि खशोगी की हत्या के लिए क्राउन प्रिंस जमाल जिम्मेदार हैं। बाइडेन ने कहा- मैंने बैठक में जमाल खशोगी की हत्या का मुद्दा उठाया। मैं इसके बारे में क्या सोचता हूं इस पर चर्चा करना जरूरी था। मैंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से कहा कि खशोगी की हत्या के लिए आप जिम्मेदार हैं।

**क्या बोले क्राउन प्रिंस**

इस पर क्राउन प्रिंस ने कहा- मैं व्यक्तिगत रूप से पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। हम उन लोगों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जो इस हत्या के पीछे हैं।

**सऊदी क्राउन प्रिंस ने दी थी खशोगी की हत्या की मंजूरी**

पिछले साल अमेरिका की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वॉशिंगटन पोस्ट के सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की योजना को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंजूरी दी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया कहा गया कि क्राउन प्रिंस खशोगी को सऊदी अरब के लिए खतरा मानते थे। अमेरिकी रिपोर्ट में एक्सपर्ट एग्नेस कैलामार्ड ने कहा



■ अगर बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन प्रिंस सलमान को खशोगी की हत्या का दोषी करार देता है तो उसे खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

■ मिडल-ईस्ट में सऊदी अरब के बिना US आगे नहीं बढ़ सकता। वहां उसके अनगिनत हित और मिलिट्री बेस हैं।

था कि खशोगी की हत्या से जुड़े सबूतों के आधार पर कहा जा सकता है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और उनके उच्चाधिकारी हत्या से जुड़े हुए थे।

अमेरिकी रिपोर्ट में एक्सपर्ट एग्नेस कैलामार्ड ने कहा था कि खशोगी की हत्या से जुड़े सबूतों के आधार पर कहा जा सकता है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और उनके उच्चाधिकारी हत्या से जुड़े हुए थे।

ट्रम्प जब सत्ता में थे तो उनके सऊदी प्रिंस से करीबी रिश्ते रहे और यही वजह है कि उस दौरान खशोगी की हत्या से जुड़ी अमेरिकी इंटेलिजेंस की रिपोर्ट जारी नहीं की गई। बाइडेन राष्ट्रपति बने और मानवाधिकारों पर उनका रुख हमेशा से सख्त रहा है। फिर रिपोर्ट जारी की गई। इस इंटेलिजेंस रिपोर्ट में सीधे तौर पर खशोगी की हत्या के लिए प्रिंस सलमान का नाम लिया गया था।

तुर्की में इस्तांबुल स्थित संयुक्त अरब अमीरात के वाणिज्य दूतावास में 2 अक्टूबर 2018 को वॉशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खगोशी की हत्या कर दी गई थी। इसमें वली अहद शहजादा मोहम्मद बिन सलमान की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे थे।

**बिगड़ सकते हैं अमेरिका-सऊदी रिश्ते**

अगर प्रिंस सलमान को बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन खगोशी की हत्या के मामले में आरोपी करार देता है तो यह तय है कि मिडल ईस्ट के सबसे ताकतवर और अमीर देश के रिश्ते अमेरिका से खराब हो जाएंगे। मिडल-ईस्ट में सऊदी अरब के बिना अमेरिका आगे नहीं बढ़ सकता। वहां उसके अनगिनत हित और मिलिट्री बेस भी है।

## पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के खिलाफ खड़े हुएः बोरिस जॉनसन ने कहा- किसी का भी समर्थन करें

**लंदन।** पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सुनक की उम्मीदवारी के खिलाफ सीक्रेट अभियान छेड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस अभियान को 'बैक एनीवन बट ऋषि' नाम दिया गया है। जॉनसन पद गंवाने का कारण सुनक को मानते हैं। वैसे तो जॉनसन ने सार्वजनिक तौर पर किसी दावेदार का समर्थन नहीं किया है, लेकिन उन्हें पेनी मॉरडन्ट या लिज ट्रस की दावेदारी पर कोई ऐतराज नहीं है।

**जॉनसन ने इस्तीफा क्यों दिया था**

बोरिस के इस्तीफे की सबसे बड़ी वजह 30 जून को डिप्टी चीफ व्हिप पोस्ट पर क्रिस पिंचर का अपॉइंटमेंट था। पिंचर सेक्स स्कैंडल में फंसे थे। ये जानते हुए भी जॉनसन ने उनकी नियुक्ति की। इसके अलावा लॉकडाउन में शराब पार्टी की तस्वीरें सामने आने और प्रिंस फिलिप के फ्यूनरल से पहले भी पार्टी करने के लिए जॉनसन की काफी फजीहत हुई। प्रिंस के फ्यूनरल से पहले पार्टी करने पर तो उन्होंने



माफी भी मांगी थी।

**पीएम की रेस में ऋषि सुनक की जगह पक्की**

इसी बीच नए प्रधानमंत्री की दौड़ में अपनी कंजरवेटिव पार्टी के सांसदों के समर्थन के बाद भारतवंशी ऋषि सुनक की टॉप-2 में जगह लगभग पक्की हो गई है। सुनक समेत टॉम टुजेंट, पेनी मॉरडन्ट, केमी बडेनोच और लिज ट्रस के बीच टेलीविजन डिबेट हुई। इसमें भी सुनक का पलड़ा भारी रहा। जानकारों का मानना है कि सुनक के लिए अगली बड़ी चुनौती कंजरवेटिव पार्टी के लगभग 2 लाख वोटरों का दिल जीतना है।

**रेडी फॉर ऋषि का चल रहा कैंपेन**

कंजरवेटिव पार्टी के वोटरों में लगभग 44त्न सदस्यों की उम्र 66 साल से अधिक है। साथ ही इसमें 97त्न वोटर श्वेत हैं। सुनक को अब तक पेनी मॉरडन्ट की ओर से चुनौती मिल रही है। पेनी श्वेत हैं। भारतवंशी सुनक को प्रधानमंत्री पद हासिल करने के लिए श्वेत वोटरों को अपने पक्ष में करना होगा। इसके लिए सुनक अपने कैंम्पेन रेडी फॉर ऋषि के तहत श्वेतों के मुद्दों को उठा रहे हैं ताकि उनका दिल जीता जा सके।

**कंजरवेटिव पार्टी के 54त्न वोटर लंदन निवासी हैं**

दक्षिण लंदन के रेडवॉल क्षेत्र में कंजरवेटिव पार्टी के वोटर रहते हैं। कंजरवेटिव पार्टी के वोटरों की संख्या में पिछले 3 साल में लगभग 60फीसदी बढ़ गई है।

टॉप-2 दावेदारों को अपने प्रचार के लिए लगभग 3 करोड़ रुपए का फंड पार्टी से मिलता है।

**विरोधी पेनी को कंजरवेटिव पार्टी के वोटरों का बड़ा सपोर्ट**

सुनक की फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती उनकी निकटतम विरोधी पेनी मॉरडन्ट से है। कंजरवेटिव पार्टी के सर्वे में 67फीसदी मतों के साथ पेनी मॉरडन्ट सबसे आगे हैं, जबकि ऋषि सुनक को पेनी के मुकाबले अभी मात्र 28फीसदी ही समर्थन मिल रहा है।

## भारत ने नेपाल को भेजी बाढ़ राहत सामग्री




**ओटावा।** भारत ने पड़ोसी धर्म का निर्वहन करते हुए नेपाल को बाढ़ और आपदा राहत सामग्री की खेप सौंपी। भारतीय दूतावास के बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने यहां गृह मंत्रालय के एक कार्यक्रम के दौरान नेपाल के गृह मंत्री बाल कृष्ण खंड को राहत सामग्री सौंपी। इनमें 3,000 टेंट और दस मोटर चालित नौकाएं भी शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान श्रीवास्तव ने आशा जताई कि राहत सामग्री की आपूर्ति से संबंधित एजेंसियों को समय पर इसका वितरण करने में मदद मिलेगी। गृह मंत्री खंड ने राहत सामग्री के समय पर वितरण के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया तथा भारत और नेपाल के बीच आपदा राहत से संबंधित सहयोग की सराहना की। बयान में कहा गया कि साझा इतिहास और संस्कृति वाले भारत और नेपाल विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक मुद्दों पर सहयोग करते हैं।भारतीय दूतावास के बयान में कहा गया है कि राहत सामग्री नेपाल में आपदा से निपटने में भारत के निरंतर सहयोग को दर्शाती है। बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर नेपाल के साथ-साथ भारत को भी प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप जान-माल का नुकसान होता है। राजदूत ने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दोनों देशों के पास वर्षों से एक समन्वय तंत्र है।

## रूस-यूक्रेन जंगः मायकोलीव शहर में रूसी सेना ने दागीं 10 मिसाइलें, रिहायशी इलाकों में बम धमाके, दो यूनिवर्सिटी तबाह

**कीव/मास्को।** रूसी सेना ने यूक्रेन के मायकोलीव शहर की दो यूनिवर्सिटीज को तबाह कर दिया है। यूनिवर्सिटी को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक 10 मिसाइलें छोड़ीं, जिससे यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाके में तेज धमाके सुने गए और धुआं का गुबार उठा। सुरक्षाकर्मी रेस्क्यू में जुट गए हैं। भारी तबाही की बात कही जा रही है। मृतकों और घायलों की अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले विन्नित्सिया शहर में मिसाइल हमले में 23 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। उसके तुरंत बाद रूस की ओर से यह बड़ा हमला किया गया है। पश्चिमी सैन्य अधिकारियों के मुताबिक, नेशनल शिप



बिल्डिंग यूनिवर्सिटी और मायकोलीव नेशनल यूनिवर्सिटी को मिसाइल हमले में उड़ा दिया गया है। विस्फोट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें धुएं का गुबार उठता दिख रहा है।

**रूसी अधिकारियों पर युद्ध अपराध का आरोप**

पश्चिमी सैन्य अफसरों ने शुक्रवार को जी-20 बैठक में रूसी अधिकारियों पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया है। अमेरिकी वित्तमंत्री जेनेट येलेन ने रूस की ओर से किए जा रहे हमलों पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह एक क्रूर और अन्यायपूर्ण युद्ध है। यह भी कहा रूस को निर्दोष लोगों की जान लेने और आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी लेना चाहिए।

**3 हजार से ज्यादा हो चुके हैं मिसाइल हमले**

यूक्रेन की ओर से इस हमले को शांतिपूर्ण शहर में कब्जा करने वालों का एक और अपराध बताया गया है। यूक्रेन के मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा है कि यूक्रेन पहले ही लगभग 3,000 मिसाइलों के हमलों का सामना कर चुका है। यह एक और भीषण हमला है।

**रूसी सेना ने जपोरिजिया को बनाया था निशाना**

इससे पहले बुधवार को जपोरिजिया प्रांत में रूस ने 2 रॉकेट दागे थे। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, इस रॉकेट हमले में 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो हुए। रूसी हमले के बाद इमरजेंसी विभाग इलाके में रेसेक्यू अभियान चला रही है। डोनेट्स्क में रूसी हमले से 37 आम नागरिकों की मौत हो गई थी।

## अमेरिकी संसद के निचले सदन में गर्भपात कानून को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गर्भपात संबंधी कानून बहाल करने को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी के कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में शुक्रवार को गर्भपात संबंधी कानून को लेकर पेश किए गए दो विधेयकों को मंजूरी मिल गई। सुप्रीम कोर्ट पिछले महीने गर्भपात पर रोक लगा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसला का अमेरिका में तीखा विरोध हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के 1973 के रो बनाम वेड केस को पलटने के बाद सदन ने शुक्रवार को गर्भपात संबंधी कानून के दो विधेयक पारित किए। गर्भपात अधिनियम तक पहुंच सुनिश्चित करने वाला दूसरा बिल 205 के मुकाबले 223 मतों से पारित हुआ। यह कानून उन महिलाओं की सुरक्षा प्रदान करता है जिनका गृह राज्य इसकी अनुमति नहीं देता और वह गर्भपात के लिए दूसरे राज्य की यात्रा करती हैं। रिपब्लिकन सहित तीन जीओपी सांसदों ने इस विधेयक का समर्थन किया। एडम किंजिंगर, फ्रेड और कुएलर ने इस विधेयक के पक्ष में मतदान किया। हाउस मेजारिटी लीडर स्टेनी होयर ने घोषणा की है कि अगले सप्ताह सदन गर्भनिरोधक के अधिकार अधिनियम पर मतदान करेगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के रो बनाम वेड मामले से संबंधित फैसले को पलटते की राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी निंदा की है। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने गर्भपात के अधिकार की रक्षा के उद्देश्य से नए कदमों की घोषणा करते हुए एक कार्यकारी आदेश पारित कर दिया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## श्रीलंकाः 22 प्रतिशत आबादी खाद्य असुरक्षा की शिकार, 60 लाख लोगों के समक्ष भोजन का संकट

**कोलंबो।** श्रीलंका में लगातार बढ़ रहा राजनीतिक व आर्थिक संकट आम आदमी पर बुरी तरह भारी पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि श्रीलंका की 22 प्रतिशत आबादी खाद्य असुरक्षा की शिकार है। विश्व खाद्य कार्यक्रम का मानना है कि श्रीलंका में 60 लाख से अधिक लोगों के समक्ष भोजन का संकट मंडरा रहा है।

श्रीलंका में पिछले कई सप्ताह से जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद देश छोड़कर भाग गए राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा था। श्रीलंका को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ की चिंता एक बार फिर सामने आई है। श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थानीय समन्वयक हैना सिन्गर-हामदी ने श्रीलंका के वरिष्ठ राजनेताओं से राष्ट्रीय संविधान के अनुरूप सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि संक्रमणकाल में संसद के भीतर और बाहर समावेशी चर्चा को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है। श्रीलंका में 22 प्रतिशत लोग खाद्य असुरक्षा का शिकार हैं और उन्हें सहायता की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानवीय राहत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक योजना पेश की है, जिसमें सर्वाधिक प्रभावित 17 लाख लोगों की मदद के लिए चार करोड़ 70 लाख डॉलर की जरूरत बताते हुए वैश्विक संस्थाओं व देशों से मदद की अपील की गयी है।

श्रीलंका में खाद्य संकट भी गहराता जा रहा है। महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोगों के सामने भोजन के लिए बड़ी आफत आ गई है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि देश में 60 लाख से अधिक लोगों पर खाने का संकट मंडरा रहा है। श्रीलंका गंभीर विदेशी मुद्रा संकट से भी जूझ रहा है और सरकार आवश्यक आयात के बिल को वहन करने में असमर्थ है।

## भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-श्रीलंका में आर्थिक सुधार का समर्थन करता रहेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए श्रीलंकाई संसद की बैठक से पहले भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने शनिवार को संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धन से मुलाकात की और कहा कि भारत का श्रीलंका में लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक सुधार के लिए समर्थन जारी रहेगा'। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त ने ट्विटर पर कहा, 'उच्चायुक्त ने आज सुबह माननीय अध्यक्ष से मुलाकात की। विशेष रूप से इस महत्वपूर्ण मोड़ पर लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे को बनाए रखने में संसद की भूमिका की सराहना की। उन्होंने लिखा कि भारतश्रीलंका में लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक सुधारों के लिए अपना समर्थन करना जारी रखेगा।'इससे पहले शुक्रवार को श्रीलंका के मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा ने घोषणा की थी कि वह राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे। साजिथ प्रेमदासा ने ट्विटर पर लिखा, 'मैं राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मतदाता 225 सांसदों तक सीमित है, जिसमें जीआर



(गोटाबाया राजपक्षे) गठबंधन का वर्चस्व है। भले ही यह एक कठिन संघर्ष है लेकिन मुझे विश्वास है कि जीत सच्चाई की होगी ।' बता दें कि गंभीर राजनीतिक उठा-पटक के बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने पद से इस्तीफा दे दिया है, संविधान के अनुसार, संसद अगले सप्ताह बैठक करेगी और एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए कदम उठाएगी ।

## पहली टीवी बहस में 'कैम्पेन' की गलत स्पेलिंग पर ट्रोल हुए ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे भारतवंशी ऋषि सुनक को अपनी पहली ही टेलीविजन बहस में शर्मसार होना पड़ा। दरअसल, टीवी बहस के दौरान बैकड्रॉप में 'कैम्पेन' की गलत स्पेलिंग पर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद कंजर्वेटिव पार्टी नया प्रधानमंत्री चुनने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। चयन प्रक्रिया में शुरूआती दो दौर में बढ़त बनाए हुए ऋषि सुनक जब टेलीविजन बहस में हिस्सा ले रहे थे, उस समय उनके बैकड्रॉप में प्रचार अभियान का बैनर लगा था। इस बैनर में 'रेडी फॉर ऋषि' के साथ इस अभियान से जुड़ने के लिए एक क्यूआर कोड दिया गया था। इस क्यूआर कोड के नीचे अंग्रेजी में लिखी 'कैम्पेन' की स्पेलिंग सीएएमपीएआईजीएन की जगह सीएएमपीआईएआईजीएन लिखी थी। जैसे ही यह डिबेट लाइव देख रहे लोगों की नजरें उस पर पड़ी तो उन्होंने सुनक का ध्यान इस गलती की ओर दिलाया। सुनक को तत्काल सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा। जैसे ही उनका ध्यान इस गलती और सोशल मीडिया प्रयोक्ताओं द्वारा इसे लेकर छींटाकशी किए जाने की ओर गया तो सुनक को शर्मिंदा होना पड़ा।